


# पुलिस ने पकड़ी फर्जी एसटीएफ-एसओजी टीम, दो गिरफ्तार

## यात्रियों व व्यापारियों से करते थे लूटपाट, नगद, चेन व आईफोन बरामद ■ 27 जनवरी को थाना कैंट इलाके में युवक को कार में बंधक बनाकर लूटे थे 50 हजार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** थाना कैंट व एसओजी टीम ने फर्जी एसओजी व एसटीएफ टीम बनकर यात्रियों व व्यापारियों को अगवा कर लूट की वारदात करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस के अनुसार इस गिरोह में कुल सात बदमाश है, जिनमें से एक बस्ती जेल में बंद है। बाकी चार की तलाश की जा रही है। इस गिरोह ने 27 जनवरी को थाना कैंट इलाके में एक युवक को अपनी गाड़ी में बंधक बनाकर उससे 50 हजार नकद, सोने की चेन, चांदी का कड़ा व आईफोन लूट लिया था। पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से यह सामान बरामद हुआ है।

पुलिस लाइन सभागार में रविवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 27 जनवरी की रात 8:30 बजे उमेश कुमार मिश्रा निवासी शांति नगर कॉलोनी सहादतगंज अपने घर से थोड़ी दूर मुमताज नगर औद्योगिक क्षेत्र के पास अपनी एसयूवी से उतरकर एक पान की गुमटी पर कुछ सामान लेने गए थे। जब वह वापस अपनी गाड़ी के पास पहुंचे तो 6-7 लोगों ने उन्हें असलहे के बल पर बंधक बनाते हुए अपनी गाड़ी में बैठा लिया था। आरोपी करीब 2 घंटे तक उन्हें अपने वाहन में घुमाते रहे, उसके बाद उनके पास रखा 50 हजार रुपये, सोने की चेन, चांदी का कड़ा व आईफोन लूट ले गए। मामले में थाना कैंट पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही थी। थाना कैंट पुलिस टीम ने रविवार की सुबह आरोपी सौरभ पाण्डेय निवासी भर्ती का पुरवा रामगढ़, थाना छावनी जनपद बस्ती व महेश सिंह निवासी पिण्डारा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गोरखपुर - लखनऊ हाईवे किनारे अब्बूसराय गांव से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो तमंचा, लूटी गई चेन और चांदी का कड़ा, 50 हजार नकद व घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई।

### चार लोगों की जारी है तलाश


पुलिस लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता करते एसएसपी डॉ .गौरव ग्रोवर।

### गिरोह के सभी बदमाश बस्ती के

इस गिरोह में सात बदमाश हैं। चार आरोपी अनुज प्रताप सिंह उर्फ मुरारी निवासी नगरा पूर्वी, बदली थाना छावनी, बस्ती, राजकुमार यादव निवासी जितीपुर थाना परसुरामपुर, बस्ती, विनोद वर्मा निवासी बांसगाव थाना हर्रैया जनपद बस्ती व राम जनम उर्फ सोनू चौधरी निवासी अजगरा बांसगाव थाना हर्रैया जनपद बस्ती की तलाश की जा रही है। घटना करने वाला सातवां आरोपी आदित्य चौधरी निवासी देवकाली रानी थाना छावनी जनपद बस्ती को हाल ही में बस्ती पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा है।

### पहले करते थे हाईवे पर खड़ी ट्रकों से डीजल चोरी

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पहले वह हाईवे किनारे ढाबों पर खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करते थे। कई बार पकड़े जाने के बाद अब अपहरण कर लूट की घटना करने लगे। बताया कि वह दूसरों की गाड़ी मांग कर एक साथ 5 से 6 लोग चलते हैं तथा किसी व्यापारी अथवा चार पहिया वाहन वाले अकेले यात्री को टारगेट करते हैं, जिनके पास काफी पैसे होने की संभावना रहती है। मौका देखकर उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाकर मारपीट कर एवं असलहा दिखाकर भय में लेकर उनके पास से कीमती जेवरात, मोबाइल फोन, एवं नगदी लूट लेते थे। अपने आप को पुलिस अधिकारी, एसओजी, एसटीएफ टीम बताकर बंधक व्यक्ति के मोबाइल फोन से उसके रिशतेदारों को फोन कराकर खाते में रुपये मंगाकर निकाल लेते थे। एसएसपी के अनुसार इस गिरोह का सरगना महेश सिंह है, इसके खिलाफ अयोध्या, अमेठी व बस्ती समेत अन्य जिलों में 25 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### रुदौली में आज 7 घंटे ठप रहेगी बिजली आपूर्ति



**रुदौली, अयोध्या । अमृत विचार :** रुदौली ग्रामीण विद्युत 33 /11 उपकेंद्र के उपभोक्ताओं को सोमवार सात घंटे विद्युत आपूर्ति नहीं मिल सकेगी। सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। उपकेंद्र के अनुरक्षण, परीक्षण का कार्य किया जाना है। यह समयावधि आकस्मिक रूप से उत्पन्न विषम परिस्थितियों से दृष्टिगत समयावधि के घंटे का घटना एवं बढ़ना भी संभावित है। अवर अभियंता हरीश पांडे ने उपभोक्ताओं से अपील है की कटौती से पूर्व आवश्यक कार्यों को संपादित कर लें।

### आग से दो घर की गृहस्थी राख

**बीकापुर, अयोध्या अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के बसंतपुर के मजरा दुबावा पंडित पुरवा में रविवार सुबह करीब 10 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से बुधिराम बनाराजा व रामआनंद बनराजा का आवासीय छप्पर, चारपाई, बिस्तर, बर्तन, अनाज सहित घर गृहस्थी का सारा सामान मकान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का प्रयास शुरू करने के बाद बीकापुर कोतवाली और अग्निशमन केंद्र को सूचना दी गई। टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हलका लेखपाल बबीता मिश्रा ने बताया कि अग्नि पीड़ित को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए नुकसान की रिपोर्ट तैयार की गई है। तहसीलदार को दी जाएगी। प्रधान उमाशंकर यादव ने बताया कि अग्नि पीड़ित दोनों सगे भाई हैं। इनका परिवार बहुत ही गरीब है।

### कल विधानसभा घेराव में जाएंगे कांग्रेस नेता

**अयोध्या, अमृत विचार :** 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा के घेराव में जिले के कांग्रेसी जाएंगे। यह निर्णय संगठन की बैठक में लिया गया। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम रानू ने कहा कि प्रदेश की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था की गिरती स्थिति के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करती रही है। 17 फरवरी का विधानसभा घेराव कार्यक्रम जनता की आवाज को बुलंद करने का एक सशक्त माध्यम होगा। सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, महानगर प्रवक्ता विनायक धर द्विवेदी ने भी अपनी बात रखी। रानू ने सभी पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की है।

### देव विद्यालय इंटर कॉलेज की नई प्रबंध समिति गठित

**मिल्कीपुर, अयोध्या ।अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में संचालित देव विद्यालय इंटर कॉलेज तरौली में आगामी कार्यकाल के लिए प्रबंध समिति का गठन रविवार को साधारण सभा की बैठक में संपन्न हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित पर्यवेक्षक रामजी राय (प्रधानाचार्य, राजकीय हाई स्कूल कहुवा) के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। इसमें रामकलप तिवारी को अध्यक्ष, गौरीशंकर पांडे को उपाध्यक्ष, अजय तिवारी को प्रबंधक, श्याम जी दास को उप-प्रबंधक तथा डॉ. अरिसूदन पांडे को कोषाध्यक्ष चुना गया। रवि प्रकाश पाठक, दिनेश कुमार मिश्रा, अमरनाथ शुक्ला, राधेश्याम गोस्वामी, जगन्नाथ पांडे व राजित राम को सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र प्रकाश त्रिपाठी सहित साधारण सभा के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत

- गांव के ही परचित की बनी छत देखने गए थे तारुन के अशोक मिश्रा

तारुन, अयोध्या।


अशोक मिश्रा (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फतेहपुर कमासिन मजरे उसरी में रविवार की सुबह आठ बजे एक दर्दनाक हादसे में किसान की मौत हो गई। अशोक मिश्रा (40) पुत्र स्वर्गीय माता प्रसाद गांव के ही सत्येंद्र पांडे के बने नए मकान को देखने छत के ऊपर चढ़े थे। इस दौरान मकान के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आ जाने के कारण झटके से जमीन पर गिर पड़े।

घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आनन फानन में परिजनों ने निजी वाहन से इलाज हेतु सीएचसी तारुन पहुंचाया, जहां पर मौजूद डॉक्टर विकास सिंह ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। अशोक के पिता की 2 साल पहले ही मौत हो चुकी है। घर की सारी जिम्मेदारी उसी पर थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी मंजू, मां कृष्णा, बेटा विकास, पुत्री आरजू मिश्रा, दूसरी पुत्री मौसम का रो-रोकर बुरा हाल है। करीब 4 वर्ष पहले सत्येंद्र पांडे की पत्नी निशा पांडे उसी जगह विद्युत शार्ट सर्किट होने से झुलस गई थी। इससे पूर्व भी तार टूट कर ट्रैक्टर पर गिरने से ट्रैक्टर जलकर राख हो गया था, लेकिन इस घटना से परिवार ने कोई सबक नहीं लिया। हाईटेंशन बिजली तार के नीचे सत्येंद्र पांडे ने नया मकान बनवा लिया है। एक दिन पूर्व ही छत पड़ी थी। उसी छत को देखने अशोक छत पर चढ़े थे। थानाध्यक्ष तारुन देवेंद्र पांडे ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। विद्युत उपकेंद्र सेनपुर अम्बेडकर नगर के जेई धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि हाईटेंशन तार के नीचे मकान नहीं बनवाना था। मकान स्वामी द्वारा तार हटवाने के लिए मुझे कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है।


परकोटा के शंभू महादेव मंदिर में अनुष्ठान करते यजमान।

### राम मंदिर में शंभू महादेव की सजी झांकी, रुद्राभिषेक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर राम जन्मभूमि परिसर में भी भव्य आयोजन हुए। परिसर के दक्षिण दिशा स्थित कुबेर टीला पर कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पर रुद्राभिषेक किया गया। परकोटा के बिशन कोण पर विराजमान शंभू महादेव मंदिर में भी वैदिक आचार्यों के द्वारा अनुष्ठान किया गया। इस दौरान महापौर सहित लगभग एक दर्जन से अधिक लोग मुख्य यजमान बन कर आयोजन में शामिल रहे। मन्दिर परिसर को फूलों से सजाया गया था। साथ ही कुबेरेश्वर महादेव और शंभू महादेव मंदिर में अद्भुत झांकी सजी। सुबह से ही मंदिर में 11 वैदिक आचार्यों ने शिवालय पर रुद्राभिषेक को सम्पन्न कराया। अंगद टीला पर बारह ज्योतिर्लिंगों का अभिषेक एवं पार्थिव पूजन किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह पंकज की देखरेख में हुए कार्यक्रम में धनंजय पाठक, आशीष सिंह आशू, रामशंकर यादव समेत अन्य लोग सम्मिलित हुए।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में सर्वाधिक चर्म रोगी पहुंचे

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिले के सभी 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह मेला आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इसमें कुल 716 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले में 74 चिकित्सकों और 213 पैरामेडिकल स्टाफ ने मरीजों का इलाज किया। इस दौरान कुल 716 मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं और उपचार प्रदान किए गए, जिनमें 326 पुरुष, 338 महिलाएं और 52 बच्चे शामिल थे। स्वास्थ्य मेले के दौरान 62 आयुष्मान कार्ड बनाए गए और हेल्प डेस्क पर 108 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त मरीजों का भी इलाज किया गया। इनमें 50 आंख के मरीज, 97 बुखार के मरीज, 68 सांस के मरीज, 111 पेट के मरीज, 110 शुगर के मरीज और 105 चर्म रोग के मरीज शामिल थे। कुल 37 मरीजों को आगे के इलाज के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास रेफर किया गया। जिनका जिला अस्पताल में बेहतर इलाज किया जाएगा।

### कार से आए थे शातिर चोर, उड़ाए थे 17 हजार रुपये के पान-मसाले

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मवई पुलिस ने रविवार को तीन दिन पहले किराना दुकान में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने दावा किया है कि कार में सवार होकर आए शातिर चोरों ने दुकान से विभिन्न ब्रॉड के करीब 17 हजार कीमत के पान मसाले उड़ाए थे। पुलिस ने कार के साथ एक बाइक भी बरामद करते हुए दो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी व चोरी का सामान भी बरामद किया है।

मवई चौराहा स्थित बैंक आफ इंडिया के बगल रामफेर चौरसिया की किराना दुकान से चोरी हुई थी। घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। रविवार को थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डबल नहर पटरी सड़क, ग्राम विवियापुर मजरे भैसोली क्षेत्र से बब्लू पुत्र भदईराम ( व ननके उर्फ यदुनंदन पुत्र मेवालाल चौहान, निवासी लखनीपुर थाना रुदौली को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण कर दिया। दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार की है। आरोपियों के पास से 17 हजार रुपये नकद, एक स्विफ्ट डिजायर कार व पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद हुई। इसके अलावा किराना दुकान से चोरी किया गया मसाले, लोहे का बेलचा व पेचकस तथा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए।

# आठ धार्मिक स्थलों का होगा जीर्णोद्धार

अयोध्या कार्यालय

- बजट में श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद को 150 करोड़ रुपए हैं प्रस्तावित

**अमृत विचार:** ताजा बजट में प्रदेश सरकार ने रामनगरी अयोध्या को एक बार फिर 250 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी है। पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए श्रीअयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद को इसमें से 150 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी कड़ी में जिले के कम प्रसिद्ध आठ धार्मिक स्थलों को संवारने की भी तैयारी है।

हाल ही में श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद ने आठ प्रमुख धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास की परियोजनाएं शासन को भेजी हैं जिन्हें इस राशि से क्रियान्वित करने की तैयारी है। इन परियोजनाओं में आठ प्रमुख स्थान शामिल हैं। बेतिया मंदिर, मीरापुर, डेराबीबी (अयोध्या धाम) में दो करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य होगा। मणिपर्वत के लिए तीन करोड़ रुपये, दशरथ समाधि स्थल के समीप भगवान शंकर जी का मंदिर परिसर (विकास खंड पूरा) के लिए एक करोड़ रुपये, श्री अंजनेश्वर महादेव धाम (तमसा नदी तट, ग्राम अंजना सदर) के लिए एक करोड़ रुपये, श्रीमहर्षि वाल्मीकि आश्रम (आलापुर, मजरा दोस्तपुर) के लिए एक करोड़ रुपये, आंबेडकर पार्क (ग्राम कुढ़ासादात, तहसील रुदौली) के लिए एक करोड़ रुपये, मिल्कीपुर में आस्तीकन गहनाग बाबा के लिए एक करोड़ रुपये, नगर पंचायत भदरसा में भरत जी की तपोस्थली के लिए दो करोड़ रुपये से पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है।

### अयोध्या के पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ जयेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार ने अयोध्या के लिए इस बार भी बड़े बजट का प्रावधान किया है। निश्चित ही इससे धार्मिक नगरी के पर्यटन विकास को पंख लगेंगे। फिलहाल हमने आठ परियोजनाओं की डीपीआर भेज दी है। कोशिश है जल्द से जल्द काम शुरू करा दिया जाय।

# एक नहीं कई आरोपों से घिरे हैं कृषि विवि के तत्कालीन कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या कार्यालय

- इटावा के अखिलेश कुमार सिंह ने भी कुलाधिपति के यहां दर्ज करा रखी है शिकायत
- भूमि दुरुपयोग और पेड़ों की अवैध कटाई तक शिकायत में शामिल

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह पर एक नहीं कई गंभीर आरोप हैं। मंडलायुक्त की जांच के पहले इटावा के एक व्यक्ति द्वारा कुलाधिपति से की गई शिकायत पर जांच अभी लंबित है। इतना ही नहीं रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की शिकायत पर महालेखा नियंत्रक की जांच अब अंतिम चरण में है।

इटावा के अखिलेश कुमार सिंह की शिकायत में तत्कालीन कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह पर वित्तीय अनियमितताओं, भूमि दुरुपयोग, पेड़ों की अवैध कटाई, फर्जी डिग्रियों के आधार पर नियुक्तियों और घूसखोरी जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि उन्होंने इंजीनियर श्याम सुंदर सिंह के साथ मिलीभगत से बिना टेंडर के एक-एक लाख रुपये की फाइलें स्वीकृत कर मिट्टी की खोदाई-पटाई का कार्य केवल कागजों पर कराया। संपत्ति अधिकारी डॉ. सीताराम मिश्र और कुलपति की मिलीभगत से कुमारगंज बाजार में विश्वविद्यालय की भूमि बाजार के लोगों को मोटी रकम लेकर दुकानें/मकान बनाने के लिए दे दी गई। आरोप है कि कुलपति, ठेकेदार और संपत्ति अधिकारी की मिलीभगत से टूटी टहनियों के टेंडर की आड़ में साखू, सागौन और शीशम के पेड़ काटे गए। ये लकड़ियां रात में ले जाई जा रही थीं, जो सुरक्षा अधिकारी ने पकड़ीं। आरोप है कि ये लकड़ियां कुलपति के बनारस स्थित निजी मकान में लगाने के लिए थीं। आरोप है कि मिलीभगत से विश्वविद्यालय के पद बेचे गए।

### असम्बद्ध कॉलेज से लोगों की नियुक्ति

- आजमगढ़ कॉलेज से 10-12 सहायक/सह-प्राध्यापकों को यहां सम्बद्ध किया गया, जिन्हें बंदरबांट में शामिल किया गया।
- पांच प्रोफेसरों की पीएचडी डिग्रियां फर्जी बताई गई हैं। एक की की डिग्री का सत्यापन न होने का दावा किया गया है, फिर भी उन्हें सह-प्राध्यापक बनाया गया।
- बिना शासन अनुमति के 117 लोगों की नियुक्ति की गई, जिनका वेतन शासन द्वारा रोके जाने के बावजूद निकाला गया।
- कृषि विज्ञान केंद्रों पर पदों की नियुक्तियों में यूनिवर्सिटी एक्ट-1958 का उल्लंघन कर स्वयं समिति बनाई गई। अच्छे अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र तक नहीं भेजा गया।

" सभी शिकायतों का संज्ञान लिया गया है और गोपनीय जांच चल रही है। अभी मैं लंबे अवकाश पर हूं। अवकाश से आने के बाद करेंट स्टेटस दिया जा सकता है। "
– संगीता चौधरी, सूचना अधिकारी, राजभवन


भदरसा बाईपास का शिलान्यास करते चेयरमैन मोहम्मद राशिद व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

### भदरसा बाईपास निर्माण से मिलेगी जाम से निजात

**पूराबाजार, अयोध्या । अमृत विचार :** भदरसा बाईपास निर्माण से जाम की समस्या से निजात मिलेगी। यह बात नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के चेयरमैन मो. राशिद ने रविवार को भदरसा बाजार के 30 लाख की लागत से निर्मित होने वाले बाईपास सड़क का शिलान्यास करते हुए कही। कहा कि भदरसा बाजार में लंबे समय से जाम की बड़ी समस्या थी। आमजन को भारी परेशानी हो रही थी। इससे निजात के लिए पांच सौ मीटर बाईपास का शिलान्यास किया गया है, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगी। कार्यक्रम में सभासद सिराज मामा, मुनव्वर खान, राजा खान, साकिर खान, मेराज खान, शमीम कुरेशी, तौफीक खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध हाल में स्टेशन परिसर में मिले पांच नाबालिग, जांच शुरू

अयोध्या कार्यालय

- काम दिलाने के बहाने पश्चिम बंगाल से बुलाया गया था

**अमृत विचार:** अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन परिसर में पांच नाबालिग लड़के संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए। सभी बच्चे पश्चिम बंगाल के निवासी हैं और उनकी उम्र करीब 16 से 17 वर्ष बताई जा रही है।

बाल संरक्षण समिति अयोध्या के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी के अनुसार बच्चों ने बताया कि एक युवक ने उन्हें सिलीगुड़ी में काम दिलाने का झांसा देकर बुलाया था। वहां पहुंचने के बाद उनसे कहा गया कि हिमाचल प्रदेश में बेहतर काम मिलेगा और उन्हें बस से ले जाया जा रहा था। अयोध्या में एक होटल के पास बस रुकने पर बच्चों को शक हुआ और वे घबराकर बस से उतर गए। इसके बाद वे भागकर अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंचे और वहां मौजूद आरपीएफ से मदद मांगी। आरपीएफ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत चाइल्ड लाइन 1098 और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को सूचना दी। एएचटीयू की टीम ने बच्चों से पूछताछ की, लेकिन वे फिलहाल होटल या संबंधित व्यक्तियों की स्पष्ट पहचान नहीं कर पाए हैं। बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। सीडब्ल्यूसी ने अग्रिम आदेश तक उन्हें राजकीय बाल गृह, लखनऊ में रखने का निर्देश दिया है। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच में बाल तस्करी की पुष्टि होती है, तो संबंधित धाराओं में केस दर्ज होगा।

सुझाव | यूपी और सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर मनोचिकित्सक ने दिए जरूरी टिप्स

# एग्जाम में परीक्षार्थी बचें पेपर पैरासोमनिया से

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अधिकांश छात्रों की परीक्षा तिथि के पूर्व की रात बड़ी कष्टकारी एवं बेचैन मनोदशा से भरी होती है। नतीजतन वह इस रात को न तो समग्र नींद ले पाते हैं,बल्कि एक चिंतित अर्धनिद्रा जैसी स्थिति में पूरी रात काट देते हैं और फिर सुबह न ही वे अपने को तरोताजा महसूस कर पाते हैं, बल्कि एक मानसिक थकान व आत्मविश्वास की कमी से उनका मन जकड़ा रहता है। यह बात मनो परामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने कही।


डॉ. आलोक मनदर्शन

डॉ. आलोक ने कहा कि दुष्प्रभाव उनके एग्जाम-परफॉर्मेंस' पर पड़ सकता है और फिर यही दुश्चक्र कमोवेश उनके मन को प्रत्येक परीक्षा तिथि की पूर्व रात्रि को घेरने लगता है। मनोविश्लेषण में यह मनः स्थिति पेपर-पैरासोमनियां कहलाती है। डॉ. मनदर्शन ने बताया कि छह से आठ घंटे की स्वस्थ नींद के लिए हमारे मस्तिष्क में पर्याप्त मात्रा में ''मेलाटोनिन''नामक मनोरसायन का होना आवश्यक है,परन्तु परीक्षा पूर्व की रात्रि में तनाव बढ़ाने वाले मनोरसायन कार्टिसॉल की मात्रा काफी बढ़ जाने के कारण मेलाटोनिन का स्तर बहुत कम हो जाता है, जिससे हमारी नींद तो दुष्प्रभावित होती ही है, साथ ही मेलाटोनिन की कमी से हमारे मन में उत्साह व आत्म विश्वास पैदा करने वाले मनोरसायन सेराटोनिन का भी स्तर काफी कम हो जाता है। जिससे छात्र की सुबह चुस्त दुरुस्त न होकर निष्तेज व थकी-मादी होती है और फिर यही मनोदशा लेकर छात्र परीक्षा देने पहुंच जाता है जो कि परीक्षा प्रदर्शन को दुष्प्रभावित कर सकता है।

### ऐसे करें बचाव...

परीक्षा तिथि से पूर्व की रात्रि छात्र शांत व संतुष्टि के मनोभाव से छह से आठ घन्टे की गहरी नींद अवश्य लें तथा सोने से पहले परीक्षा की विषय-वस्तु से मन को आसक्त न होने दें। आत्म-विश्वास भरे मनोभाव से कुछ मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से नींद को अपने ऊपर हावी होने दें।

# मौसम बदलने के साथ गन्ना बेचने की जल्दी में किसान

अयोध्या कार्यालय

- जिले की दोनो मिलों ने कर ली तीन लाख क्विंटल गन्ने की पेराई

**अमृत विचार :** मौसम बदल रहा है। दिन में गर्मी और रात में ठंडी चल रही है। गर्मी आने के बाद किसानों को गन्ना बेंचने में दिक्कत होती है। किसान अपना गन्ना जल्दी बेचना चाहता है। मिलें अब तक तीन लाख क्विंटल से ज्यादा गन्ने की पेराई कर चुकी हैं। जिले की दोनों मिलें मोतीनगर और रौजागांव क्रमशः 15 और 16 नवंबर को चलना शुरू हुई थी। मिलों से जुड़े लोगों का कहना है कि इस बार मिलों के संचालन में फिलहाल ज्यादा व्यवधान नहीं आया। इसलिए पेराई तेज चल रही है। अमूमन मिलों का संचालन मार्च के अंतिम सप्ताह तक होता है। फिर गर्मी भी बढ़ती है। अभी खेतों में अच्छी मात्रा में गन्ना खड़ा है। किसानों का आरोप रहा कि मिलें बाहर का गन्ना लेने के चक्कर में स्थानीय स्तर गन्ना पर्चियां कम जारी करती हैं, लेकिन गन्ना विभाग का कहना है कि इस पर नजर रखी जाती है। ऐसा नहीं होता है।

फरवरी का आधा समय बीत गया है। किसान राम शंकर कहते हैं कि अब जितनी जल्दी गन्ना बिक जाए, अच्छा है अन्यथा गर्मी में गन्ना तैयार कर पाना मुश्किल होता है। किसान राम तेज वर्मा का कहना है कि फरवरी बीतने के साथ गर्मी आ जाएगी। मिलें गन्ना पर्चिया जारी कर दें तो गन्ना बिक्री आसान हो जाएगी।

### भागवत कथा से होती है ज्ञान की प्राप्ति

**शाहगंज, अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के पंडरी पूरे सूबेदार मिश्रा का पुरवा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित दीपेश्वर जी महाराज ने राजा परीक्षित व सुकदेव संवाद किया। बताया कि कथा सुने बिना अज्ञानता का नाश नहीं होता। भागवत कथा से मनुष्य को ज्ञान की प्राप्ति होती है जिससे मनुष्य सत्कर्म करते हुए निर्भय हो जाता है। ध्रुव चरित्र और प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। आरती और प्रसाद वितरण के बाद तृतीय दिवस की कथा को विश्राम दिया गया। मुख्य यजमान सुमन लता, प्रभाकर मिश्रा, अजय, विजय कुमार, अतुल, आदर्श, अनूप सहित तमाम श्रोता मौजूद रहे।



महाशिवरात्रि

नागेश्वर नाथ शिव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।



नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# शिवालयों में उमड़ी आस्था, रामनगरी में गूंजा हर-हर महादेव

## देर शाम तक शिव मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता, जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने की सुख समृद्धि की कामना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर राम नगरी में मेले जैसा दृश्य रहा है। सरयू में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही स्नान करके प्राचीन नागेश्वर नाथ, क्षीरेश्वर नाथ महादेव मन्दिर में स्थापित शिवलिंगों पर बेर,बेल पत्र,गेहूं की बाली, गन्ना,धतूरे और भांग चढ़ा जलाभिषेक किया। कोटेश्वर नाथ, दर्शनेश्वर नाथ, कुबेरेश्वर नाथ, चंद्रा हरि मंदिर, अमानीगंज में स्थित सिद्धनाथ मंदिर, मऊ शिवाला स्थित शिव मंदिर, गुप्तार घाट स्थित अनादि पंचमुखी महादेव मंदिर सहित अन्य मठ मन्दिरों में भी विराजमान शिवालयों पर भक्तों की भीड़ रही। भगवान राम की नगरी में भगवान भोलेनाथ के जयकारों की गूंज रही। सिद्ध पीठ नागेश्वर नाथ मंदिर में सुबह से शुरू हुआ दर्शन पूजन और जलाभिषेक का दौर देर शाम तक चलता रहा।



क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते शिव भक्त।



पंचमुखी महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

### शिवरात्रि पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

**बीकापुर।** सराय भनौली के महादेवन शिव मंदिर में शिवरात्रि पर लोगों की भीड़ उमड़ी। साधु-संतों सहित अन्य को प्रसाद वितरण कराया गया। सराय भनौली के नियाई गांव में महादेवन शिव मंदिर पर शिवरात्रि के दिन मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। पुजारी बब्बन दास ने बताया कि शिवरात्रि के दिन रामायण पाठ की पूर्णाहुति के बाद केवल दूर-दराज से आए साधु-संतों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया जाता है। इसके बाद दूसरे दिन सर्व समाज की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। ग्राम प्रधान विजय गौड़ ने बताया कि इस दिन का क्षेत्रवासियों को पूरे वर्ष बेसब्री से इंतजार रहता है।

### ढोल व शहनाई पर जमकर नाचे बाराती

**अयोध्या, अमृत विचार :** हर-हर बम-बम के उद्घोष के साथ रामनगर कॉलोनी में भगवान शंकर की बारात शिवालय परिवार के महंत गणेश दास की अगुवाई में निकाली गई। मुख्य अतिथि 1992 में नेपाल के गवर्नर रहे राजकुमार सिंधी ने दीप जलाकर बारात को रवाना किया। उन्होंने कहा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर चारों ओर आस्था का सैलाब नजर आ रहा है। उन्होंने योगी व मोदी की सराहना करते हुए कहा कि अयोध्या का सुन्दर विकास हुआ है। बारात में शामिल सिंधी ढोल शहनाई पर बाराती जमकर नाचे व डांडिया खेले। बारात का जगह-जगह फूलों से सिंधी समाज के लोगों ने स्वागत किया। ॐ शिवालय में बड़ी संख्या में सिंधी परिवार ने ज्वार का चुरमा (कुट्टी) बनाकर प्रसाद के रूप मे वितरित किया। बारात में राजकुमार मोटवानी, तुलसीदास संगतानी, रामकुमार मोटवानी,कन्हैया लाल,उमेश संगतानी व बड़ी संख्या मे महिलाएं व युवक-युवतियां शामिल रहीं।



शिव बारात में नृत्य करतीं सिंधी समाज की महिलाएं। अमृत विचार

### गंगोत्री धाम गंगाजल का लगाया स्पेशल स्टाल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रधान डाकघर द्वारा शिव मंदिरों के समीप महा शिवरात्रि के पवित्र अवसर पर गंगोत्री धाम का गंगाजल की बिक्री का स्टाल लगाया गया। प्रवर अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने बताया कि गुप्तारघाट के पंचमुखी मन्दिर, अम्बेडकनगर में शिवबाबा के सामने स्पेशल काउंटर के माध्यम से बिक्री की गई। गंगोत्री धाम का पवित्र गंगाजल शिवभक्तों को अयोध्या एवं अकबरपुर प्रधान डाकघर में स्पेशल काउन्टर के माध्यम से श्रद्धालुओं को बिक्री किया गया है। गंगाजल पाकर शिवभक्तों ने जयकारा भी लगाया। पंचमुखी मन्दिर पर आर्मी के अखिलेश कुमार सिंह फौजी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अविनाश सिंह ने डाक विभाग के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को सुलभ गंगाजल उपलब्ध होने से पूजा अर्चना करने में सहूलियत हो रही है।



सीताकुंड स्थित दुग्धेश्वर महादेव मंदिर पर मेले में उमडी भीड़।

### दुग्धेश्वर महादेव मंदिर पर लगा मेला

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र तोरोमाफी के पौराणिक रामायण कालीन स्थल सीताकुंड पर स्थित दुग्धेश्वर महादेव मंदिर पर मेला और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की पौराणिक स्थल पर भीड़ लगी रही। भोले बाबा की जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पवित्र सीता कुंड सरोवर में स्नान करके धार्मिक स्थल की परिक्रमा की। बट वृक्ष के अंदर स्थित शिव जी के प्राचीन मंदिर में दूध और जल चढ़ाया। कथा व्यास पंडित बिंदेश्वरी पांडेय, पारस पांडे, घनश्याम, गोविंद, अरस दुबे, कृष्ण चंद्र पांडे, अंशू दूबे, ऋषि पाडेय, अमिताभ निषाद सहित स्थानीय लोग व्यवस्था बनाने में लगे रहे। मंदिर के सर्वाराहकार सुरेशचंद्र पांडेय ने बताया कि महाशिवरात्रि पर काफी समय से यहां मेला और धार्मिक आयोजन हो रहा है।

### राम की पैड़ी पर श्रीराम स्तुति का किया वादन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय घोष दिवस (महाशिवरात्रि) के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर के घोष वादकों ने नागेश्वर नाथ मंदिर के सामने राम की पैड़ी पर जन्मभूमि, मीरा, भूप, तिलंग, शिवरंजनी, श्रीराम स्तुति का वादन किया। इस अवसर पर डॉ. विक्रमा प्रसाद पाण्डेय (महानगर संघचालक), राहुल,( सह महानगर कार्यवाह) सूरज (सह –महानगर कार्यवाह), सुदीप( महानगर प्रचारक), आकाश (सायं प्रचारक), अवनि कुमार (महानगर शारीरिक प्रमुख), मनोज (महानगर बौद्धिक प्रमुख), अभय (नगर कार्यवाह),हर्ष कुमार( घोष प्रमुख), राधे अनमोल, देवांश प्रताप, अंशू शर्मा, प्रवेश, कृष्णा, विष्णू देव,अरविन्द, अश्वनी, सुधाकर, परमात्मादीन, रामजी, देवेश, हरिओम , अर्णव, गौरव, शेखर, श्रेयांश, पवन सहित 118 स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे।



महाशिवरात्रि पर आरएसएस ने राम की पैड़ी पर दी शिवरंजनी प्रस्तुति

### सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ी आस्था



जलाभिषेक करतीं श्रद्धालु।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के मुकीमपुर शाहगंज स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर बम बम भोले और हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा, जहां भक्तों ने पूरे श्रद्धा-भाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यह मंदिर अपनी अनूठी परंपरा के लिए पूरे क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। यहां पुजारी बनने के लिए किसी प्रकार का जातिगत बंधन नहीं है। हिंदू समाज का कोई भी व्यक्ति पूजा-अर्चना कर सकता है, जो सामाजिक समरसता और समानता का सशक्त संदेश देता है। मंदिर के मुख्य कार्यकर्ता आनंद सोनी ने बताया कि यह संभवत: विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां पूरे वर्ष प्रतिदिन नया पुजारी पूजा संपन्न कराता है। समिति के सदस्यों आनंद गुप्ता, अवधेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय कसौधन, आकाश मौजूद रहे।

### शिव बारात और भंडारों से भक्तिमय हुआ रुदौली



शिव बारात में प्रभु शंकर के स्वरूप में कलाकार।

**मवई, अयोध्या :** महाशिवरात्रि पर रुदौली क्षेत्र पूरी तरह शिवमय हो गया। नगर सहित क्षेत्र के कई गांवों में स्थित भूतभावन भोलेनाथ के मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। गायत्रीनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में ॐ नम: शिवाय का अखंड जाप हुआ, जबकि मखदूमपुर से भव्य शिव बारात निकाली गई। नागा बाबा की कुटी और शुजागंज मंदिर में भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। लोहियापुल के समीप स्थित श्री दिगम्बर नाथ मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आकर्षक झांकियों के साथ निकली शिव बारात में महिलाएं, युवा और बच्चे उत्साह से शामिल हुए। रास्ते भर पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। मंदिर कमेटी अध्यक्ष ओम प्रकाश रस्तोगी की अगुवाई में आयोजन संपन्न हुआ। महंत श्रीश्री 1008 त्यागी महाराज की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजन हुआ। रात्रि में रामचरितमानस पाठ और भजन-कीर्तन से वातावरण आध्यात्मिक बना रहा। विशाल भंडारे में पुष्पराज रस्तोगी राजीव तिवारी, कांतेश्वर, मोहन तिवारी, अमरेश, रामेश्वर, रवीश मिश्र, अशोक कुमार, रमेश कुमार, अनिल, रामरूप, पिंटू यादव, कुबेरदत्त मिश्र, लक्ष्मण यादव सहित सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न आयोजन ने क्षेत्र में सामाजिक एकता और परंपरा की मिसाल पेश की।



सर्वेश्वर महादेव मंदिर में जयकारा लगाते श्रद्धालु।

### सर्वेश्वर महादेव मंदिर पर उमड़े भक्त

**पटरंगा, अयोध्या। अमृत विचार :** विकास खंड मवई के ग्राम सभा रानीमऊ में स्थित श्रीश्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह से ही स्थानीय लोगों जलाभिषेक किया गया। पुजारी पंडित विष्णुकांत मिश्रा उर्फ लाल महाराज ने बताया कि बाबा के दरबार में जो भी भक्त सच्चे मन से अपनी मनोकामना मांगता है उसे बाबा भोले नाथ जी जरूर पूर्ण करते हैं। पुजारी सूरज भारती महाराज,गोपाल मिश्र,पवन कुमार मिश्र,रमेश गुप्ता,परमानंद जायसवाल सहित आदि उपस्थित रहे।

### आस्था का केंद्र सरैया का प्राचीन शिव मंदिर

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** सरैया ग्राम सभा स्थित प्राचीन शिव मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र है। साल 1930 में बाबा अलबेला दास ने इसका निर्माण करवाया था। यहां शिव कुंड स्थित है। यह मंदिर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षण का केंद्र है। शिवरात्रि पर बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि पर मंदिर में रामचरित मानस पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस बार यहां से जुड़े शंभू दत्त के निधन से कोई विशेष कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। मान्यता है कि शिव कुंड में स्नान से चर्म रोगों से निजात मिलती है। शिवपूजन सिंह, जसवंत सिंह, संजय सिंह, राम नगीना, महेंद्र कुमार, अजीत सिंह और गोपाल सिंह आदि ने कुंड के सौंदर्यीकरण, टीन शेड बनाए जाने की मांग की है।

### रामपुरवा शिव मंदिर में उमड़ी भीड़

**शाहगंज, अयोध्या।** मुकीमपुर शाहगंज स्थित धर्मध्वजी पांच सौ साल पुराने शिव मंदिर रमपुरवा पर भीड़ उमड़ी। यहां वर्ष के प्रत्येक दिन दोनों मंदिरों में एक नया पुजारी साफ सफाई पूजा पाठ करता है। विघ्नेश्वर धाम शिव मंदिर रामपुरवा के कर्ता धर्ता अमित योगी ने बताया कि भोर में प्रतापगढ़ से शिव भक्तों ने रामपुरवा पहुंच कर जल अर्पित किया। राम मंदिर के लिए निकल गए। कार्यक्रम में समिति के आनंद गुप्ता, अवधेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय कसौधन, आकाश जायसवाल, अमित सिद्धनाथ यादव और अभिषेक शामिल रहे।



नागेश्वरनाथ से निकली शिव बारात में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार



### शुजागंज बाजार में धूमधाम से निकली भव्य शिव बारात

**शुजागंज अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली क्षेत्र के शुजागंज बाजार में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य शिव बारात बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शिवभक्तों ने बाबा भोलेनाथ की झांकियों के साथ भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया और पूरा वातावरण “हर-हर महादेव” के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। शिव बारात की शुरुआत स्थानीय शिव मंदिर से हुई, जो मीनापुर होते हुए मानपुर मोड़ से होकर पुन: मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक झांकियां और डीजे की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह दल बल के साथ मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की दिखी नवाचारी सोच

अयोध्या कार्यालय

- एचसीजे एकेडमी में रोबोट, विज्ञान व तकनीकी विषयों की दिखी झलक

**अमृत विचार:** एचसीजे एकेडमी में रविवार को रोबोट, विज्ञान व तकनीकी विषयों पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। बच्चों ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण व नवाचारी सोच का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुख्य जिला पंचायत अध्यक्ष अतिथि रोली सिंह, विशिष्ट अतिथि समन्वयक जिला विज्ञान क्लब निखिल सिंह, निखिल सिंह अकादमी की चेयरपर्सन व निदेशक डॉ. शिक्षा जैन, ईओ उमेश जैन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

प्रदर्शनी में नर्सरी, केजी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नर्सरी व केजी के बच्चों ने ट्रांसपोर्ट के साधनों, हमारे सहयोगी जनों व पौष्टिक फलों पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किया। कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अनेक सक्रिय मॉडलों से दर्शकों का प्रभावित किया और प्रशंसा पाई। इनमें जल संरक्षण, बीज अंकुरण, पौधों के जीवन चक्र, गणित की नवीन गणना मशीन, प्रदूषण रोकथाम का आधुनिक मॉडल, वर्षा जल संरक्षण व सिंचाई के कारगर उपायों को दर्शाते मॉडल विशेष आकर्षक रहे। विज्ञान संकाय के बच्चों ने चिकित्सक की भूमिका में छात्रों व अतिथियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्रेस रिपोर्टर की भूमिका में आराध्य पटेल व अंश चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को ज्ञान में परिवर्तित किया। अभिभावकों ने मनपसंद मॉडलों को वोट देकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। सीसीए इंचार्ज आकाशी यादव, शिवकरन यादव, विष्णु, कपिल देव, राजन, शुभम, कंचन द्विवेदी, अनीता, संगीता पाण्डेय, सुष्मा पाण्डेय, समा, मनोज, नम्रता आदि ने सहयोगी की भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य दिलीप गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी अशोक तिवारी तथा उप-प्रधानाचार्या शिप्रा मल्होत्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



एचसीजे एकेडमी की प्रदर्शनी में बच्चों से मॉडल से सम्बन्धित प्रश्न पूछतीं मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह।





झारखंडी से निकली शिव बारात में नाचते श्रद्धालु। वहीं इनसेट में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्राचीन सुग्रीव किला मंदिर से भगवान वेंकटेश जी की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान साधु संत और भक्त अबीर गुलाल खेलते हुए निकले।

### दूल्हा बने भोलेनाथ, बारात में अबीर-भभूत उड़ाकर नाचे बाराती

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर दिनभर लाखों श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की आराधना की। शाम होते ही भोलेनाथ का विवाह उत्सव श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान शिव दूल्हा बनकर नंदी पर सवार होकर बैंड बाजे के साथ निकले। उनके पीछे भगवान राम व अन्य देवी देवता भी बाराती बनकर उनके साथ दिखाई दिए। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु भी नाचते गाते और अबीर-भभूत खेलते दिखाई पड़े। जनपद के सैकड़ों शिव मंदिर पर झांकी का आयोजन किया गया। मंदिरों को भव्य लाइट और फूलों से साथ सजाया गया। शिव भक्तों को जगह-जगह पर दूध के विशेष प्रसाद का भी वितरण किया गया। नागेश्वर नाथ मंदिर से भगवान शिव की प्रतीकात्मक स्वरूप के साथ विवाह बारात निकाली गई। राम की पैड़ी से रामपथ पर नयाघाट, देवकाली, हनुमानगढ़ी, श्रृंगारहाट के रास्ते क्षीरेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक पहुंची। बारात का मुख्य द्वार पर स्वागत हुआ। आरती के बाद यह बारात पुन: नागेश्वरनाथ मंदिर पहुंची। देर रात भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह रीति रिवाज और मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। मंदिर के मैनेजर सभापति तिवारी ने कहा कि बड़े ही धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। भगवान नंदी पर सवार हुए और नाचते गाते हुए और अबीर भभूत को उड़ाते हुए लोग बारात का आनंद लेते रहे। अयोध्या भ्रमण के बाद देर रात्रि बारात मंदिर पहुंची, जहां 11 ब्राह्मणों द्वारा रात्रि में विवाह संपन्न कराया गया।

# आर्य समाज ने हर्षोल्लास से मनाया ऋषि बोधोत्सव पर्व

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आर्य समाज जमुनियाबाग प्रांगण में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को हवन पूजन कर ऋषि बोधोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आर्य समाज के संस्थापक ऋषि दयानंद सरस्वती को सच्चे शिव का बोध हुआ था इसीलिए यह दिन आर्य समाज में ऋषि बोधोत्सव पर्व के रूप में मनाया जाता है।


ऋषि बोधोत्सव पर्व समारोह में सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे।

उपदेश कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम में गुरुकुल के विद्वान ब्रह्मचारियों ने जीवनोपयोगी वैदिक उपदेशों की अमृत वर्षा की। गुरुकुल महाविद्यालय के ब्रह्मचारी, पं. माता प्रसाद त्रिपाठी राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज व आर्य कन्या इंटर कॉलेज के शिक्षक, शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व समाज के गणमान्य नागरिकों ने यज्ञ- हवन में प्रतिभाग किया। शुक्रवार को आर्य समाज यज्ञशाला में बृहद हवन-पूजन यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। निशुल्क गुरुकुल महाविद्यालय के आचार्य व ब्रह्मचारियों ने वैदिक मंत्रों से वैदिक यज्ञ, हवन, पूजन किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा भजन, गीत, वैदिक समूह नृत्य, लोकगीत, नाटक, भजन आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आर्य कन्या इंटर कॉलेज अयोध्या की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत होली लोक नृत्य, सर्वधर्म सद्भाव नाटिका व राजकरण वैदिक इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सच्चे शिव की खोज नाटक रहा। दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों का पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

**• आर्यकन्या व राजकरण इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शिवकुमार मिश्र, प्रधानाचार्या आर्य कन्या इंटर कॉलेज प्रज्ञा सिंह, गुरुकुल महाविद्यालय के आचार्य एवं ब्रह्मचारी व आर्य स्त्री समाज की संतोष त्रिपाठी, नूतन गर्ग, कल्पना सक्सेना, निर्मला यादव, करुणा आर्य, राधिका आर्य, पुष्पा आर्य, रेखा आर्य, मंजू शास्त्री व अर्चना त्रिपाठी सहित पदाधिकारी, सदस्य, दोनों विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं व प्रधानाचार्य सहित कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन वैदिक मंत्रोच्चार व शांति पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम समापन के पश्चात प्रांगण में प्रीति भोज का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के समस्त नागरिकों सहित दर्शकों व प्रतिभागियों ने भोजन-प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आर्य समाज जमुनिया बाग के प्रधान व दोनों विद्यालयों के प्रबंधक हिमांशु त्रिपाठी व आर्य स्त्री समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सराहना की। सभी छात्र छात्राओं को सहभागिता हेतु प्रेरित करते हुए प्रबंधक ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, कार्यक्रम के सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर दोनों विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारी, विद्यार्थी, दर्शक व समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

# एसआईआर पर खेल, भाजपा की खुली कलई : पवन


एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व राज्य मंत्री पवन पांडेय।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सियासी संग्राम तेज हो गया है। समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री और नेता पवन पांडेय ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर के नाम पर खेल खेला जा रहा है और भाजपा की कलई खुल गई है। उन्होंने दावा किया कि एक ही नाम से तीन-तीन वोट बनवाए गए थे, लेकिन जब वोट कटने लगे तो भाजपा खुद लाखों वोट कटने की बात करने लगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या विधानसभा में करीब 95,000 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि महानगर क्षेत्र में लगभग 75,000 लोगों को नोटिस भेजे गए। सबसे ज्यादा प्रभाव समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों पर पड़ रहा है, खासकर मुस्लिम और यादव मतदाताओं के वोट विशेष रूप से कट रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि अधिकारी भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं और यह एक सुनियोजित साजिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि समाजवादी पार्टी इस लड़ाई को सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ेगी। सपा यह मुद्दा बिना रुके उठाएगी ताकि असली मतदाताओं के अधिकार सुरक्षित रहें। प्रेसवार्ता में तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक महिला से संबंध बनाने और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रवि कन्नौजिया 22 वर्ष निवासी शमसुद्दीनपुर थाना अहिरौली के रूप में हुई है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि रवि ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब उसने शादी की बात कही तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि 13 फरवरी को अहिरौली थाने में आरोपी के खिलाफ बीएनएस 2023 की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर अन्य गंभीर धाराएं और पॉक्सो एक्ट की धारा भी जोड़ी गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पटेल नगर तिराहा यादव नगर से गिरफ्तार कर लिया। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।


शिवालय में पूजा-अर्चना करते नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता।

## महाशिवरात्रि पर भक्तों ने की महादेव की पूजा

**बसखारी अम्बेडकरनगर।** रविवार को महाशिवरात्रि पर शिवालयो में देवाधिदेव महादेव की स्तुति करते हुए श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव की जय करो के साथ क्षेत्र के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। कौडाही, लहटोरवा, फसफस दासकी कुटी, शुक्ल बाजार, बसखारी, किछौछा, गोबिन्द साहब, सहित ग्रामीणांचल मे भी शिव मन्दिरों मे जलाभिषेक के लिए श्राद्धालुओ की भीड़ देर रात तक चलता रही। कहीं-कहीं शिवालयों पर भंडारे का भी आयोजन कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से क्षेत्र के शिवालयों में महिला व पुलिस बल भी तैनात रहे। वहीं थाना अध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्र के शिवालयों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख करते हुए देखे गए।

## प्रभु के सच्चे ज्ञान के बिना भक्ति नहीं : राम सजीवन

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** निरंकारी सत्संग में महात्मा राम ज्ञान प्रचारक राम सजीवन ने कहा कि आज संसार का प्रत्येक प्राणी प्रभु की भक्ति करता है और अनेक रूपों में आराधना करता है। उन्होंने कहा जब तक प्रभु का सच्चा ज्ञान नहीं होगा, तब तक भक्ति में पूर्णता नहीं आ सकती। मीरा, रविदास और कबीर जैसे संतों ने परमात्मा को जानकर भक्ति की और उन्हें प्रभु की प्राप्ति हुई। सतगुरु की कृपा से परमात्मा का अमूल्य धन प्राप्त होता है। निरंकारी सत्संग शाखा के मुखी रामचंद्र यादव, शुभम कुमार, मनीराम, जयप्रकाश, सूबेदार, कृष्ण प्रसाद, मीरा, बिट्टन, मोनी, सुनीता समेत सैकड़ों सत्संगी रहे।

## टीम इंडिया की जीत के लिए हुआ हवन

**अयोध्या, अमृत विचार :** टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले से पहले रामनगरी में संत समाज ने टीम इंडिया की जीत के लिए विशेष हवन-यज्ञ किया। शहर के एक प्रमुख मंदिर परिसर में आयोजित इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में साधु-संत मौजूद रहे। महंत सीताराम दास ने संत समाज के साथ मिलकर विशेष पूजन-अर्चन किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश टीम इंडिया के साथ खड़ा है और खिलाड़ियों को सकारात्मक ऊर्जा देने के उद्देश्य से यह अनुष्ठान किया गया है।

# कला के क्षेत्र में नयेपन का अत्यधिक महत्व

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जनवादी लेखक संघ के स्थापना दिवस पर जलेस द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समय में विचार और रचनाशीलता विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन जनमोर्चा सभागार में किया गया।

जलेस इकाई के अध्यक्ष मो. ज़फ़र ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मनुष्य की बुद्धि की बराबरी रचनात्मक क्षेत्र में कभी नहीं कर सकती। वरिष्ठ आलोचक डॉ सी बी भारती ने कहा मैं भयभीत हूँ कि क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता से विकसित वैचारिकता का कोई समावेशी उपयोग संभव हो पाएगा। वरिष्ठ आलोचक रघुवंशमणि ने कहा कि कला और रचनात्मकता के क्षेत्र में नयेपन का अत्यधिक महत्व है। कवि-प्राध्यापक डॉ विशाल श्रीवास्तव ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में विचार और रचनाशीलता को परिभाषित किया। संयोजक सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि एआई तकनीक के माध्यम से समाज समूचे तौर पर प्रभावित हो रहा है। मुजम्मिल फ़िदा ने सभी पहलुओं पर बात रखी। परिचर्चा में जलेस इकाई के वरिष्ठ सदस्य रामजीत यादव बेदार, अखिलेश सिंह, पूजा श्रीवास्तव, डॉ नीरज सिन्हा नीर, बृजेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश रोशन, वाहिद अली, रविन्द्र कबीर, राजीव, वैदिक द्विवेदी, ऋषिक द्विवेदी और संदीप ने भी अपने विचार रखे।



जलेस की परिचर्चा को सम्बोधित करते वरिष्ठ आलोचक डॉ. रघुवंश मणि त्रिपाठी।


शिव बारात के दौरान झांकी निकालते कलाकार। अमृत विचार

## भैरव धाम से निकली शिव बारात

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** महराजगंज नगर स्थित भैरव धाम से भगवान शिव की भव्य बारात श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। शिवभक्तों की भारी भीड़ ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बारात में शामिल श्रद्धालु डीजे की धुनों और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। शिव बारात में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश व कार्तिकेय सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से शिव तांडव तथा नंदी पर विराजमान शिव-पार्वती की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। छोटे-छोटे बच्चों ने भी शिव, नंदी और गणों का रूप धारण कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बारात भैरव धाम से प्रारंभ होकर बजरंग चौक, पंडित लक्ष्मीकांत चौक व सहदेवगंज चौक होते हुए थाना परिसर पहुंची, जहां प्रभारी निरीक्षक केदारनाथ मौर्य ने बारातियों का स्वागत किया। इसके बाद पुनः मंदिर परिसर में आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

## जनपद में परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे प्रश्न पत्र

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में सभी 114 परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा दिए गए हैं। अब इन प्रश्न पत्रों की 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा गठित एक विशेष टीम भी केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की अनियमितता की आशंका को समाप्त करना है। जिलाधिकारी की ओर से गठित विशेष टीम रात के समय भी स्ट्रांग रूम की निगरानी करेगी। यह टीम समय-समय पर निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेगी। स्ट्रांग रूम के पास एक लॉग बुक भी रखा जाएगा, जिसमें अंदर आने-जाने वालों की प्रविष्टि की जाएगी।

# सेंट पीटर्स स्कूल ने जीता क्रिकेट मैच

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सेंट पीटर्स स्कूल की क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेएसआर क्रिकेट अकादमी की टीम को 6 विकेट से हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की। रोमांचक मुकाबले में सेंट पीटर्स की टीम ने अकबरपुर स्थित जेएसआर क्रिकेट एकेडमी के होम ग्राउंड पर खेलते हुए मेजबान टीम को 4 विकेट से करारी शिकस्त दी।

टॉस जीतकर सेंट पीटर्स स्कूल ने पहले गेंदबाजी करने का साहसिक निर्णय लिया, जो पूरी तरह सफल रहा। एसपीएस के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को उनके घरेलू मैदान पर टिकने का कोई मौका नहीं दिया और जेएसआर क्रिकेट एकेडमी को 25 ओवरों में महज 116 रनों पर समेट दिया। गेंदबाजी की कमान आरव ने संभाली, जिन्होंने अपने 5 ओवर के स्पैल में सिर्फ 8 रन देकर 4 विकेट झटके। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'बेस्ट बॉलर' और 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से सम्मानित किया गया।


क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

गेंदबाजी इकाई में कुशाग्र त्रिपाठी ने भी अहम भूमिका निभाई। वहीं उत्कर्ष, प्रणव पांडे, मोनिश और संस्कार ने भी धारदार गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम के बल्लेबाजों को बांधे रखा और महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसपीएस की टीम ने 20.1 ओवरों में 6 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की जीत के नायक तरन्य सिंह रहे, जिन्होंने 59 गेंदों पर 55 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें 8 चौके शामिल रहे।

## शिविर में 43 युवाओं ने किया रक्तदान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के सीमावर्ती क्षेत्र चिलवनिया स्थित कदीमी बड़ी दरगाह परिसर में राह-ए-निजात ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित रक्त दान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कर्बला के शहीदों की याद में आयोजित शिया बहुल इलाके मुस्तफा बाद, नगपुर, आसीपुर, नई बाजार, जाफराबाद, उस्मानपुर और विभिन्न क्षेत्रों से 43 युवाओं ने रक्तदान शिविर में रक्त दान किया। शिविर का उद्घाटन अल इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष ख्वाजा शिफाअत हुसैन ने किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्त दान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान शिविर में 50 युवाओं ने पंजीकरण कराया था। ब्लड डोनेट करने वालों में प्रमुख रूप से आरज़ू अब्बास, डॉ. अली हसन, मौलाना आबिद नजफी, बेलाल अहमद, तनजीम फात्मा, अजरा हैदरी, मोहम्मद जवाद, जमान अब्बास, जाजिब, मोहम्मद रियाज, कमर अब्बास, मोहम्मद अब्बास अमीन, मोहम्मद मेंहदी समेत अन्य लोग शामिल हैं। मरीजों की सेवा करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राह-ए-निजात ग्रुप से हजारों युवा समाज सेवा के लिए दृढ़संकल्प है। शिविर की रहनुमाई मौलाना रहबर सुल्तानी, मौलाना मीसम रजा जाहिद, मौलाना मुशीर, मास्टर मोहम्मद मेंहदी ने युवाओं का हौसला बढ़ाया।

## चार दिवसीय ज्ञान उत्सव का भव्य समापन


कार्यक्रम के समापन के बाद ट्रॉफी के साथ छात्र।

**आज़मगढ़। अमृत विचार :** राजकीय पॉलिटेक्निक फूलपुर पवई में 11 से 14 फरवरी तक आयोजित चार दिवसीय शैक्षणिक, तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव ज्ञानोत्सव-2026 का भव्य समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथियों में अनिल कुमार तिवारी, गौरव पांडेय, विवेक अग्रवाल, विवेक राय एवं श्रीमती अर्चना उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ऑल इंडिया चिल्ड्रन केयर सोसाइटी एंड डेवलपमेंट के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मोहन त्रिपाठी की उपस्थिति विशेष रही। इस दौरान प्रो. बजरंग त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। ज्ञानोत्सव का मुख्य आकर्षण "विकसित भारत 2047" विषय पर आधारित तकनीकी परियोजनाओं की प्रदर्शनी रही, जिसका संचालन निदेशक डॉ. सुबोध कांत सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों ने नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट कृषि, डिजिटल ऑटोमेशन एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी परियोजनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें अतिथियों ने सराहा। चार दिवसीय महोत्सव में तकनीकी प्रतियोगिताएं, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। ज्ञानोत्सव-2026 का समापन उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में हुआ, जिसने संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। प्रधानाचार्य अशोक भारती के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की सफलता में इवेंट प्रभारी ई. ज्योति त्रिपाठी, रमा पांडेय सहित समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# कमर हयात ने थामा सपा का दामन

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जलालपुर की राजनीति में बीते कुछ दिनों से चल रही अटकलों पर आखिरकार विराम लग गया। करीब तीन दशक तक बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले सक्रिय राजनीति करने वाले जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी रहे कमर हयात ने नई सियासी पारी की औपचारिक शुरुआत कर दी है।

बता दें कि लखनऊ में अखिलेश यादव की मौजूदगी में कमर हयात ने सपा की सदस्यता ग्रहण कर यह स्पष्ट संकेत दे दिया कि अब उनकी राजनीतिक रणनीति नई दिशा में आगे बढ़ेगी। पिछले सप्ताह दिए गए इस्तीफे के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज थी कि आखिर वह किस दल का रुख करेंगे। भाजपा, कांग्रेस और सपा तीनों दलों के नाम कयासों में शामिल थे, लेकिन अंततः उन्होंने सपा को चुना। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कमर हयात का यह कदम सिर्फ दल परिवर्तन नहीं, बल्कि अंबेडकरनगर की सामाजिक समीकरणों में संभावित बदलाव का संकेत भी है। जलालपुर और आसपास के क्षेत्रों में उनकी व्यक्तिगत पकड़ और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए सपा को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है। कमर हयात के सपा में शामिल होते ही जलालपुर क्षेत्र के स्थानीय सपा नेताओं के बीच भी हलचल तेज हो गई है।


लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ मौजूद कमर हयात।

### समर्थकों में उत्साह

जहां कमर हयात के समर्थकों में नई ऊर्जा और उत्साह देखा जा रहा है, वहीं विरोधी दलों के खेमे में भी रणनीतिक बैठकों का दौर शुरू होने की चर्चा है। माना जा रहा है कि आने वाले निकाय या लोकसभा चुनाव में यह बदलाव निर्णायक साबित हो सकता है। कुल मिलाकर अंबेडकरनगर की सियासत में यह दलबदल सिर्फ एक व्यक्ति का निर्णय नहीं, बल्कि आगामी चुनावी समीकरणों की बिसात पर बड़ी चाल के रूप में देखा जा रहा है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि कमर हयात को संगठन में क्या जिम्मेदारी मिलती है।

# बिना डिग्री झोलाछाप पर हड्डी अस्पताल चलाने का आरोप

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**• गंभीर मरीजों का भी बिना उचित जांच और उपकरण के हो रहा है इलाज**

**अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के बाजिदपुर इलाके में बिना मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय डिग्री के एक कथित झोलाछाप द्वारा हड्डी अस्पताल संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति मरीजों का उपचार करने के साथ-साथ टूटी-फूटी हड्डियों का प्लास्टर भी कर रहा है, जिससे मरीजों की जान को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस प्रकरण को लेकर पूर्व में भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इलाज के नाम पर मरीजों से पैसे भी लिए जाते हैं और गंभीर मरीजों का भी बिना उचित जांच और उपकरण के इलाज किया जा रहा है। मामले की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर के अधीक्षक डॉ. जय प्रकाश को भी दी गई थी। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है, लेकिन विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन और व्यस्तता के कारण टीम मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंच सकी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से अवैध चिकित्सालय पर रोक लगाकर जन-स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

## हीरापुर बाजार में मैरिज लॉन का हुआ उद्घाटन


मैरिज लॉन का भव्य उद्घाटन करते रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर रामपाल सिंह यादव।

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के हीरापुर बाजार में एहतेशाम खान द्वारा बनाए गए मैरिज लॉन का भव्य उद्घाटन रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर रामपाल सिंह यादव और शरीफ मसूदी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर मो. वसीम सिद्दीकी, डॉ. सईद अख्तर खां, शेष कुमार सिंह, मो. अनीस अंसारी, फेंकू यादव, मोहम्मद ईशा मसूदी, आनंद मोहन, मो. शोएब सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में प्रधान मैरिज लॉन के प्रोपराइटर मोहम्मद एहतेशाम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खलिहान की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश का पालन करने के लिए राजस्व विभाग की टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है। ऐसा ही एक मामला बीते 11 फरवरी का विकासखंड बसखारी के क्षेत्र पंचायत उमरपुर मीनापुर का आया है। जहां पर खलिहान की भूमि पर स्थानीय निवासी सुनील कुमार, सतिराम के द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जिसे ग्राम पंचायत के निवासियों की शिकायत पर राजस्व की टीम ने गांव में पहुंचकर खलिहान की भूमि को ट्रैक्टर से जुतवाकर कानूनगो रामनारायण गौड़, लेखपाल प्रभात, ग्राम प्रधान राकेश वर्मा और कई अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में कब्जा हटवाया गया।

**आस्था** | महाशिवरात्रि पर जनपद के विभिन्न मंदिरों में उमड़ी लोगों की भारी भीड़, श्रद्धालु दर्शन और जलाभिषेक कर मांगी मन्नत

# हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय, जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अंबेडकरनगर में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों और शिवालयों में दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों ने पूजा-अर्चना की।

शिवालयों में भोर से ही बेलपत्र, धतूरा, भांग, मिष्ठान आदि सामग्री के साथ श्रद्धालु पूजन करते नजर आए। रुद्राभिषेक कराने वालों की भी मंदिरों में लाइन लगी रही। एक दिन पहले से मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। प्रसिद्ध तीर्थस्थल शिवबाबा धाम में श्रद्धालुओं की आस्था हिलोरें लेती दिखी। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर सुख-शांति का आशीर्वाद मांगा। वहीं शहजादपुर, मीरानपुर और अन्य शिवालयों में भी भक्तों ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना किया। मालीपुर थाना क्षेत्र के झारखंडी बाबा मंदिर में भी भारी भीड़ देखी गई। यहां सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया, जबकि पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने टांडा और आलापुर क्षेत्र के मंदिरों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


शिवबाबा धाम में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## झारखंड बाबा में लगा मेला

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर से लेकर गांव तक शिवभक्तों में भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह तडक़े से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। मालीपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध झारखंड बाबा धाम पर रविवार सुबह काल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा तथा कतारबद्ध तरीके से दर्शन-पूजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। मंदिर परिसर के आसपास मेले का भी आयोजन किया गया है।

## महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर आलापुर स्थित सरयू नदी में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान लोगों ने अपने हाथों से छोटे-छोटे शिवलिंग बनाकर उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं का मानना था कि सरयू नदी के किनारे हाथ से बने शिवलिंग की पूजा भगवान श्रीराम ने की थी। उनका कहना था कि इन शिवलिंगों पर सरयू का जल चढ़ाने से भगवान राम को मिली सफलता की तरह ही भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। भक्त भगवान शिव को धतूरा, भांग, बेलपत्र और पवित्र सरयू नदी का जल चढ़ाने के लिए लंबी कतारों में खड़े दिखे। कई स्थानों पर भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया और सरयू नदी पर मुंडन संस्कार जैसे धार्मिक कार्य संपन्न हुए। लोग दान-दक्षिणा दे रहे थे और माथे पर महाकाल का टीका लगवा रहे थे, जिससे पूरा वातावरण हर हर महादेव और जय श्री महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

न्यूज ब्रीफ

### पखनपुर से निकली भव्य शिव बारात

गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर पंचमुखी हनुमान मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई। आयोजन ऋषभ देव शुक्ला व शिवम श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शोभायात्रा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। आकर्षक झांकियों, भक्ति संगीत और जयकारों से क्षेत्र शिवमय रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### श्री सीता कुंड धाम पर चला स्वच्छता अभियान

सुलतानपुर, अमृत विचार : हर रविवार की भांति गोमती मित्र मंडल ने श्री सीता कुंड धाम पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। महाशिवरात्रि व विवाह सीजन के बावजूद कार्यकर्ता सुबह 6 बजे से श्रमदान में जुटे। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने नदियों को बचाने का आह्वान किया। अभियान सुबह 9 बजे संपन्न हुआ।

### प्रावि डंडवा में चोरी एमडीएम राशन व बर्तन गायब

सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डंडवा में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर एमडीएम का करीब डेढ़ कुंतल राशन, दो बोरा चावल, एक बोरी गेहूं, भगोना व बाल्टी सहित अन्य सामान पार कर दिया। कमरे की अलमारी तोड़कर कागजात भी बिखेर दिए गए। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रधानाध्यापक ने चौकी सेमरी बाजार में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# हर-हर बम-बम से गूंजे जिले भर के शिवालय

## महाशिवरात्रिः पारिजात धाम, शिवधाम बेलवाई व बाबा जनवारीनाथ धाम पर देर रात तक उमड़े श्रद्धालु


बाबा जनवारी नाथ धाम पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।


जलाभिषेक को लगी श्रद्धालुओं की कतार।


बेलवाई धाम में उमड़े श्रद्धालु।


समरथपुर स्थित शिवाला में नंदी के कान में अरज लगाती युवती।

सुलतानपुर टीम

**अमृत विचारः** जिले में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। जिले के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। "हर-हर महादेव" और "ओम नमः शिवाय" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। भीड़ को देखते हुए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शहर के पारिजात धाम, लंभुआ के बाबा जनवारी नाथ और शिवधाम बेलवाई अखंडनगर में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

लंभुआ संवाददाता के अनुसार क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पौराणिक स्थल बाबा जनवारी नाथ धाम में महाशिवरात्रि पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। तड़के भोर से ही मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। दिन भर शिवलिंग पर जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं बाबा जनवारी नाथ धाम सेवा संस्थान के अध्यक्ष रणवीर सिंह, संतोष पांडे, नीरज शर्मा, आशीष बरनवाल और शिवम बरनवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने व्यवस्था संभालने में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे दिन मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंजता रहा।

### भदैंया क्षेत्र के शिवालयों में गूंजे जयकारे

**भदैंया :** महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। अभियाकला स्थित महादेवन धाम, हनुमानगंज के प्राचीन शिव मंदिर, पुरानी बाजार के शिवालय और बेलासदा स्थित दुर्गा देवी मंदिर में भक्तों ने सुबह से जलाभिषेक किया। बभनगंवा गोमती घाट और लोहरामऊ दुर्गा देवी धाम के प्राचीन शिवालय में भी महिलाओं व पुरुषों ने धतूरा, मदार, तिल, गन्ना, शमी पत्र व पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर अखंड रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

### बल्दीराय तहसील में आस्था का अद्भुत संगम

**विंदेश्वरीगंज :** बल्दीराय तहसील क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। समरथपुर शिवाला, मौलेश्वर नाथ महादेव मंदिर महादेवन मिझूटी, जंगलीनाथ धाम वलीपुर और शिव मंदिर चकटेरी में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए विशेष पूजन किया, वहीं युवतियों ने नंदी महाराज के कान में मनोकामनाएं कही। मंदिर परिसरों में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार की गूंज से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### महाशिवरात्रि पर जयकारों से गूंजा शिवालय धाम

दोस्तपुर में महाशिवरात्रि पर दोस्तपुर क्षेत्र के शिवाला धाम व महिष मर्दिनी मंदिर (बभनैया पश्चिम) में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे फूल-मालाएं, अबीर-गुलाल और बेलपत्र लेकर जलाभिषेक के लिए कतारों में खड़े रहे। "हर-हर महादेव" के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, भांग व धतूरा अर्पित कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की।

### बाबा जंगली नाथन धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बल्दीराय :** महाशिवरात्रि पर वलीपुर बाजार स्थित बाबा जंगली नाथन धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से "हर-हर महादेव" के जयकारों के बीच हजारों भक्तों ने जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में विशेष पूजन और रुद्राभिषेक हुआ। दूर-दराज से आए श्रद्धालु लंबी कतारों में दर्शन को खड़े रहे। पुजारी जगदेवानंद गिरी ने बताया कि शिवरात्रि पर पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा, दिनभर भजन-कीर्तन से धाम शिवमय रहा।

### बेलवाई शिवधाम में मेला, प्रशासन की कड़ी निगरानी

**अखंडनगर :** स्थानीय थाना क्षेत्र के श्री भुनेश्वर नाथ महादेव मंदिर शिवधाम बेलवाई में महाशिवरात्रि पर भारी भीड़ उमड़ी। ग्राम बेलवाई माधोपुर, कल्याणपुर, पाराबासूपुर, जहीरूद्दीनपुर समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचे। थाना प्रभारी संत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ यातायात व्यवस्था संभालते नजर आए। उपजिलाधिकारी कादीपुर उत्तम कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी विनय गौतम व अन्य अधिकारियों ने मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पूर्व निर्धारित यातायात व्यवस्था से सुबह तक भीड़ नियंत्रित रही, हालांकि दस बजे के बाद कलान चौराहे और भेलारा मार्ग की ओर से आने वाले वाहनों को नियंत्रित करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। प्रशासनिक सतर्कता के चलते पहले दिन की मेला व्यवस्था सफल रही।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे लिंक मार्ग पर दुर्घटना, युवक की मौत

- साथी गंभीर रूप से घायल, बुलेट व पिकअप आमने-सामने भिड़ीं

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** रविवार दोपहर करीब दो बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक मार्ग पर सेउर ग्राम सभा स्थित गोल चक्कर के पास सरिया लदी पिकअप और बुलेट बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार अयान (18) पुत्र रशीद निवासी मुजेश, थाना कूरेभार अपने रिश्तेदार वैस खान (18) पुत्र स्व. इसरार निवासी बंधुआ कला के साथ सेउर गांव में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। गोल चक्कर के पास सामने से आ रही पिकअप से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि अयान पिकअप के नीचे फंस गया। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

घायल वैस खान को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया गया, जहां डॉ. प्रयेश दीक्षित की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत


आदित्य वर्मा (फाइल फोटो)

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना गोसाईगंज क्षेत्र के भटमई चौकी अंतर्गत जफरापुर गांव में शनिवार को करंट लगने से 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार जफरापुर निवासी आदित्य वर्मा पुत्र सुरेन्द्र वर्मा घर पर कार्य करते समय अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रविवार को शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला हादसे का बताया जा रहा है। मृतक पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा और अविवाहित था। वह पुरखीपुर स्थित एक कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था तथा कूरेभार में एक मेडिकल एजेंसी पर भी कार्य करता था। युवक की असमय मौत से मां मालती देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रामलीला मैदान प्रवेश द्वार के पुनर्निर्माण का शिलान्यास

- पालिकाध्यक्ष ने विधिवत भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

**संवाददाता, सुलतानपु, अमृत विचारः** महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर क्षेत्र के ऐतिहासिक रामलीला मैदान परिसर में स्थित दशकों पुराने प्रवेश द्वार के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने विधिवत भूमि पूजन कर किया। यह द्वार स्व. रामदास महाशय अग्रहरि द्वारा निर्मित कराया गया था, जो समय के साथ जर्जर हो गया था।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि अग्रहरि समाज, बड़ी दुर्गा समिति, सिद्धेश्वरनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों की मांग पर लगभग छह लाख रुपये की लागत से इसका पुनर्निर्माण स्व. रामदास महाशय अग्रहरि की स्मृति में "बाबा सिद्धेश्वरनाथ द्वार" के रूप में कराया जा रहा है। द्वार को राजस्थान के धौलपुर के लाल पत्थर से सजाया जाएगा तथा भगवान राम के प्रतीक तीर-धनुष की स्थापना की जाएगी।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभासद रमेश सिंह टिन्नू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाल स्वयंसेवकों ने निकाली भव्य रैली

संवाददाता, सुलतानपुर


शास्त्रीनगर में निकाली गई बाल सेवकों की रैली।

- आदर्श के मार्गदर्शन में विद्या मंदिर स्कूल से महादेव मंदिर तक निकली शोभायात्रा

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आदर्श की देखरेख में बाल स्वयंसेवकों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्या मंदिर स्कूल से रैली की शुरुआत हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लिया। रैली शास्त्री नगर चौकी के बगल स्थित महादेव मंदिर पहुंची, जहां सभी ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद रैली पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने दंड सहित विभिन्न आकर्षक शारीरिक करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उत्कर्ष ने दंड संचालन में विशेष भूमिका निभाई, जबकि अन्य स्वयंसेवकों ने ड्रम बजाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर अर्पित, अक्षय, अश्वनी, उत्कर्ष मिश्र, रजत, आदित्य, सानिध्य, प्रियांशु और आयुष सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# प्रधान के घर बमबारीः न्याय बोर्ड सुनेगा केस

- 18 फरवरी को होगी सुनवाई, पुलिस रिपोर्ट पर बचाव पक्ष ने उठाए सवाल

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र में ग्राम प्रधान के घर कथित बमबारी मामले में नामजद पूर्व प्रधान के पुत्र को अवयस्क बताते हुए दायर सरेंडर अर्जी पर किशोर न्याय बोर्ड 18 फरवरी को सुनवाई करेगा। शुक्रवार को पुलिस की ओर से पेश की गई रिपोर्ट पर बचाव पक्ष ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए उसे भ्रामक बताया और विवेचक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

किशोर न्याय बोर्ड के चेयरमैन अविनाश चंद्र गौतम की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता बृजेश पांडेय ने थाने से आई रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि सही तथ्यों को छिपाकर अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। बोर्ड ने सरेंडर अर्जी पर अगली सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तिथि नियत की है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के जुड़ारा गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान अनिल मिश्रा ने बीते मंगलवार रात अपने लोहरामऊ स्थित आवास पर बम से हमला किए जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। प्राथमिकी में एक पूर्व प्रधान के पुत्र समेत अन्य लोगों को नामजद किया गया है, जबकि कुछ अज्ञात को भी आरोपी बनाया गया है। पूर्व प्रधान ने अपने पुत्र को निर्दोष बताते हुए कहा है कि उसका हाथ टूटा होने के कारण कई दिनों से प्लास्टर बंधा है और वह घटना में शामिल नहीं हो सकता। उन्होंने राजनीतिक विद्वेष के चलते झूठी नामजदगी कर पुत्र का भविष्य खराब करने का आरोप लगाया है तथा पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### पुलिस रिपोर्ट पर आपत्ति

मामले में अवयस्क बताए गए आरोपी की ओर से किशोर न्याय बोर्ड में सरेंडर अर्जी प्रस्तुत की गई थी। पुलिस की ओर से दाखिल रिपोर्ट में एसआई रमेश चंद्र ने किशोर होने का साक्ष्य उपलब्ध न कराए जाने और आरोपी के वांछित होने की बात कही है। इस पर बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि किशोर होने संबंधी साक्ष्य पुलिस को उपलब्ध कराए गए थे, इसके बावजूद सरसरी व तथ्यहीन रिपोर्ट पेश की गई। अधिवक्ता ने सही रिपोर्ट दाखिल कराने और कथित रूप से गलत रिपोर्ट भेजने वाले विवेचक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

### विविधता में एकता भारत की विशेषताः सांसद

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अलीगंज बाजार स्थित एक निजी विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां अनेक भाषाएं, धर्म और संस्कृतियां होने के बावजूद लोग मिलजुल कर रहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनने का आधार है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद समाजवादी पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद ने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण किया और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की अपील की। मीडिया से बातचीत में सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील दबाव में की गई है, जिसका सीधा असर देश के किसानों पर पड़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखी टिप्पणी की और कहा कि विदेशी समझौतों से भारतीय कृषि प्रभावित होगी।

### मंगलम रसोई बाबूगंज बनी विजेता

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** द्वारिकागंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत भरतीपुर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन उत्साह और खेल भावना के माहौल में संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला मंगलम रसोई बाबूगंज और सत्या 11 के बीच खेला गया, जिसमें मंगलम रसोई बाबूगंज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। 12-12 ओवर के इस रोमांचक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मंगलम रसोई बाबूगंज की टीम ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए निर्धारित ओवरों में 190 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजों ने चौकों और छक्कों की झड़ी लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सत्या 11 की टीम दबाव में नजर आई और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। समापन समारोह में पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज विक्रम सिंह, जिला पंचायत प्रत्याशी नफीसा खातून, अब्दुल रहमान, प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल जब्बार व रिजवान नेता आदि मौजूद रहे।

# देश को बदनाम करने में लगे हैं विपक्षीः सुधीर

लंभुआ, सुलतानपुर


महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री व विधायक का लंभुआ में किया गया जोरदार स्वागत।

- महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री व विधायक का लंभुआ में हुआ स्वागत

**अमृत विचारः** अयोध्या में आयोजित अधिवेशन में शामिल होने एवं दर्शन के बाद काशी जा रहे महाराष्ट्र के चन्द्रपुर जिले के बल्लार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पूर्व वित्त व वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार का लंभुआ में सत्यनारायण सिंह पीजी कॉलेज के प्रबंधक नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान पूर्व वित्त एवं वन मंत्री ने कहा कि राममंदिर में लगी लकड़ी महाराष्ट्र से आईं है जो लगभग एक हजार साल से अधिक चलेगा। वहीं बजट के सवाल पर कहा कि भारत का केंद्रीय बजट देश की तरक्की वाला बजट है। इससे देश के किसानो, नौजवानो व्यापारियों एवं महिलाओं के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा तथा देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।वर्तमान समय में अमेरिका, चीन व जापान के ग्रोथ रेट से भारत का ग्रोथ रेट ज्यादा है और अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश अपना कीर्तिमान स्थापित किए हुए है। मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र से लेकर प्रदेश सरकारें देश की प्रगति पर काम कर रही हैं। विपक्षी सिर्फ देश को बदनाम करने में लगे हुए हैं। उन्हें देश की तरक्की से कोई लेना-देना नहीं है। प्रबंधक नरेंद्र सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र में रहने के दौरान मंत्री से पारिवारिक व अच्छे संबंध होने के नाते अयोध्या दर्शन के बाद काशी जाते समय मंत्री से मिलने व स्वागत करने का मौका मिला। इस मौके पर देवी सिंह, दिनेश सिंह, राजेश सिंह उर्फ अंकल, राजीव सिंह, विनोद सिंह, संतोष धुरिया, सियाराम पांडेय, अमित कुमार, शैलेंद्र कुमार, अमरदेव सिंह, डब्बू सिंह, प्रवीण सिंह आदि मौजूद थे।

धर्म-कर्म

## श्रद्धा, उत्साह व उल्लास के भक्ति रस में डूबा शुकुलपुर चौराहा

# देहली से कलश यात्रा संग श्रीमद्भागवत कथा शुरू

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर


कलश यात्रा में शामिल युवतियां व महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बल्दीराय क्षेत्र के देहली बाजार स्थित शुकुलपुर चौराहा रविवार को पूरी तरह भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, शंखनाद और जयघोषों के बीच निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शोभायात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर काली माता मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद महिलाओं ने अपने-अपने कलश में जल भरकर यात्रा को आगे बढ़ाया। यात्रा जालिपा माता मंदिर, पूरन बाबा धाम, प्राचीन हनुमान मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, शिवाला, काली माता मंदिर, हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न देवस्थानों से होते हुए पुनः कथा पंडाल पहुंची। पूरे मार्ग में महिलाएं मंगलगीत गाती रहीं, जिससे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। वृंदावन से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवाचक पंडित श्री नरोत्तम शास्त्री ने कहा कि कलश भारतीय संस्कृति में समृद्धि, शांति और शुभता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कलश स्थापना से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन में सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने 'हरि बोल' और 'राधे-राधे' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। मुख्य यजमान प्रताप नारायण शुक्ला ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विकास शुक्ला, विशाल शुक्ला, अवधेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, ओम पांडेय, मनीष शुक्ला, प्रशांत तिवारी, कन्हैया यादव, रिंकू, पीयूष, दीपक तिवारी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मुझे बेटा मान लें, कोई हवा नहीं हरा पाएगीः पूर्व विधायक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर क्षेत्र के शांति परागदीन जूनियर हाईस्कूल, बाहरपुर लहौटा में महाशिवरात्रि पर आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने भावुक संबोधन से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष 3 माह की आयु में क्षेत्रवासियों ने उन्हें विधायक बनाया था, उस समय अनुभव की कमी से गलतियां हुईं, जिसके लिए वे क्षमा चाहते हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा, "इस बार मुझे अपना बेटा मान लीजिए, कोई गलती नहीं होगी। अगर बेटा मान लिया तो कोई भी हवा चले, आपके बेटे को कोई हरा नहीं सकता।" उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार बनने पर क्षेत्र के विद्यालयों को विधायक और मुख्यमंत्री कोटे से आर्थिक सहयोग दिलाया जाएगा, जिससे बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एकांकी, नाटक, देवी गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विद्यालय प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियां दो कुलों की दीपक होती हैं। इस अवसर पर सपा छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश उर्फ दीपू श्रीवास्तव समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फहीम की आदतें ठीक नहीं हैं। वह आये दिन लोगों से विवाद करता रहता है। मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में इनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद-विवाद व लेन-देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इरशाद अली पुत्र नौशाद अली, गुल्लावीर कालोनी, मीरपुर कस्बा, बहराइच मो.नं. 9792697932**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD ANWAR से बदलकर MOHAMMAD ANWAR IDRISI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-KAMAL AHMAD ADD-14/549, BARAF KHANA, MURAD ALI LANE, DIST-LUCKNOW-226001(U.P.)

**सूचना**
मेरे पुत्र MOHAMMAD AKRAM के पासपोर्ट मे मेरा नाम त्रुटि वश SHAHIN JAHAN लिख गया जबकि मेरा सही नाम SARIN JAHAN है। भविष्य मे मुझे SARIN JAHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHAMMAD ANWAR IDRISI ADD-14/549, BARAF KHANA, NAI BASTI MURAD ALI LANE, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD IRFAN KHAN से बदलकर MOHD IRFAN KHAN रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD IRFAN KHAN S/0-SAGEER AHMAD ADD-VILL-GAURA BUJURG GAURA CHAUKI PS-KHODAREDIST-GONDA-271312 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम ZUBER ALI से बदलकर ZUBAIR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-WAHID ALI ADD-FLAT NO-1 1ST FLOOR HN NO-41/565, NAWAB ASGAR ALI, HUSAIN ROAD NARHI, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2207737 अंकपत्र सह सर्टिफिकेट इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1715961 अंकपत्र सह सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। **नीतू यादव पुत्री राजकरन निवासी- ग्राम सिहौली, पोस्ट न प कोइरीपुर जिला सुल्तानपुर यू0पी0**

**सूचना**
मैं **तवरेज आलम पुत्र वाहिद अली, निवासी ग्राम- जगदीपुर पो0 मिश्रपुर थाना- कोतवाली देहात तह0 लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर** मेरा एम0एस0सी0 -एग्रोनामी वर्ष 2018-2019 अन्तिम वर्ष जिसका रोल नम्बर 172020718305 का मूल अंक-पत्र दिनांक 19/10/2025 वास्तव में खो गया है।


**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फहीम की आदतें ठीक नहीं हैं। वह आये दिन लोगों से विवाद करता रहता है। मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में इनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद-विवाद व लेन-देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इरशाद अली पुत्र नौशाद अली, गुल्लावीर कालोनी, मीरपुर कस्बा, बहराइच मो.नं. 9792697932**

**सूचना**
मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज है वहीं मेरे पासपोर्ट संख्या P4372306 में मेरा नाम त्रुटिवश कल्पेश राजेंद्रभाई पटेल दर्ज हो गया है जोकि गलत है। अतः मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज किया जाए। **कल्पेश पटेल पुत्र राजेंद्र भाई पटेल निवासी मकान संख्या 15 इलाहाबाद बैंक रोड रेलवेगंज जिला हरदोई।**


पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


जलाभिषेक को कतार में लगे शिवभक्त। ● अमृत विचार

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़े भक्त

## लाखों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन, हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठे शिव मंदिर, मंदिरों के बाहर सुबह से ही लग गयी थी कतार

**आस्था**

अमृत विचार टीम, गोंडा

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शिवालयों में अलौकिक छटा दिखी। हाथ में जल, भांग, बिल्वपत्र, धतूरा, दुग्ध लेकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव व पार्वती को अर्पित किया। मंदिरों में उमड़ी लाखों की भीड़ ने ओम नमः शिवाय पंचाक्षरी मंत्र के जाप किए।

खरगूपुर स्थित पौराणिक पृथ्वीनाथ मंदिर में रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन किया। भोर से ही श्रद्धालुओं का यहां पहुंचना शुरू हो गया था। मान्यता है कि पांडवकालीन पृथ्वीनाथ मंदिर के भव्य शिवलिंग की स्थापना यहां भीम द्वारा की गई थी। महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल मेले का आयोजन हुआ और बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने मंदिर का गर्भ गृह खुलते ही बारी-बारी से भव्य शिवलाट पर बेलपत्र, भांग, गन्ना, बेर, धतूर, दूध के साथ जलाभिषेक किया। गर्भगृह सहित मंदिर परिसर हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा। यहां स्थानीय जिले के अलावा बहराइच, श्रावस्ती व बलरामपुर आदि स्थानों के शिवभक्त पहुंचे। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय जाप करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ सिटी आनंद कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय, पीएसी के अतिरिक्त स्थानीय थाना एवं मुख्यालय के पुलिस बल मंदिर परिसर गर्भगृह सहित मेला क्षेत्र में मुस्तैद रहे। मंदिर पहुंचने वाले रास्तों पर लगे बैरियर पर पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रातः से शुरू हुआ जलाभिषेक एवं मेला देर शाम तक चलता रहा। उधर सत्य साईं इंटर कॉलेज गेट पर भंडारे का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधक रामदेव तिवारी एवं प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी द्वारा आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

करनैलगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री बरखंडी नाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक के साथ मेले का भी आयोजन हुआ। सकरौरा स्थित बड़ा शिवाला, घंटाघर, गाड़ी बाजार, कसगरान, गुड़ाही बाजार, गायत्री मंदिर परिसर स्थित शिवमंदिर, बालूगंज, गोनई गोसाईं पुरवा, बाबागंज चौराहा, सकरौरा घाट व कटरा घाट सहित क्षेत्र के लगभग सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल, बेलपत्र, भांग, धतूरा व दूध अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। कटरा घाट स्थित पवित्र सरयू नदी में स्नान के लिए भोर से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। स्नान के उपरांत भक्त बाबा बरखंडीनाथ महादेव मंदिर पहुंचे, जहां महंत सुनील पुरी ने श्रद्धालुओं का जलाभिषेक व पूजन-अर्चन कराया। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वजीरगंज के बालेश्वरनाथ मंदिर में सुबह से शिवभक्तों की कतार दिखी। मनकापुर के कौरहेनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटी। गल्लामंडी रोड स्थित नर्वदेश्वरनाथ मंदिर में लोगों ने जलाभिषेक किया। मसकनवा के पाटेश्वर नाथ मंदिर पतिजिया बुजुर्ग, तिलेश्वर नाथ मंदिर तेजपुर, चूल्हेश्वर महादेव शिव परसा, सोहिला शिव मंदिर, स्वामी नारायण छपिया मंदिर एवं ब्रह्म बाबा स्थान सहित अन्य शिवालयों में देर रात से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। कई श्रद्धालुओं ने रात्रि जागरण किया। भक्तों ने शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी आदि से अभिषेक किया तथा गन्ने की गेड़ी, भांग, धतूरा, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में घंटे-घड़ियाल और शंखनाद की ध्वनि से वातावरण शिवमय हो गया।


बरखंडी नाथ मंदिर में जलाभिषेक को लगी श्रद्धालुओं की लाइन। ● अमृत विचार


दुखहरन नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते एसपी विनीत जायसवाल।

### पुलिस अधीक्षक ने दु:खहरण नाथ मन्दिर में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**गोंडा, अमृत विचार :** एसपी विनीत जायसवाल ने महाशिवरात्रि पर्व पर दु :खहरण नाथ मन्दिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंदिर परिसर एवं आसपास स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच की तथा सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने मंदिर में विधि-विधान से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा जनपदवासियों की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। एसपी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात पुलिस बल की सतर्कता परखी। जलाभिषेक एवं दर्शन-पूजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होन का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारी, कर्मचारी पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने को कहा, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या दुर्घटना की संभावना न रहे। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को बैरिकेटिंग, रूट डायवर्जन, रूट चार्ट, पार्किंग व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन के संबंध में विशेष निर्देश दिए। पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि महिलाओं के दर्शन-पूजन एवं जलाभिषेक की व्यवस्था सुचारु रूप से संपन्न हो सके। भंडारे में पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया तथा उनसे संवाद स्थापित कर पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। पुलिस अधीक्षक ने शहर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पैदल गश्त, भ्रमण कर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की। एसपी ने बताया कि मंदिर परिसर एवं संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी एवं वीडियोग्राफी की जा रही है। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति माहौल खराब करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। अभिसूचना इकाई एवं अन्य खुफिया तंत्रों को सक्रिय कर दिया गया है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्वी मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूल में लव जिहाद चलाने का आरोप, चार लोग हिरासत में

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार:** कौड़िया के सेहरिया कला स्थित विद्यालय प्रबंधक व उसके सहयोगियों पर एक छात्रा पर गलत कमेंट व इंस्टाग्राम पर मैसेज करने का आरोप लगाया है। साथ ही विद्यालय में लव जिहाद चलाने का आरोप लगा है। पुलिस ने सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में लिया है। एक व्यक्ति बताया कि उसकी बेटी केजीएन पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा है। विद्यालय प्रबंधक के कहने पर बेटी का दाखिला उनके स्कूल में कराया था। आरोप है कि स्कूल जाते समय रास्ते में परवेज खान गलत कमेंट करता है व इंस्टाग्राम पर मैसेज करता है। शनिवार को फिर मैसेज किया। रविवार को उसका बेटा शिकायत करने स्कूल गया, लव जिहाद फैलाने का आरोप लगाते हुए बात रखी तो वहां मौजूद सलाहुद्दीन हाफिज, इसराइल, ज़कीरे, साजिद सहित 20 अज्ञात लोगों ने लाठी लेकर उसे खदेड़ लिया। आरोप है कि विद्यालय प्रबंधक वारिस खान विद्यालय में मौलवी बुलाकर बच्चों का ब्रेनवाश करने का प्रयास करते हैं। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि सात नामजद के बिरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चार को हिरासत में लिया गया है। बीईओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय की मान्यता संबंधी जानकारी कार्यालय आने पर दे पाएंगे।



केजीएन स्कूल। ● अमृत विचार

- मौलाना बुलाकर बच्चों का ब्रेन वाश कराने का आरोप

## जालसाजी कर 3.50 लाख हड़पने वाला बंदी

**गोंडा, अमृत विचार :** अपराध एवं कोतवाली नगर पुलिस ने जालसाजी मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुकदमा मे वांछित प्रमोद मौर्या उर्फ प्रमोद कुमार (33) निवासी बहराइच को बहबोलिया चौराहा रिसिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 22 सितंबर 2024 को महराजगंज निवासी कलीम मोहम्मद ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि प्रमोद मौर्या समेत अन्य लोगों ने बहराइच में जमीन दिखाकर उनसे तीन लाख पचास हजार रुपये अग्रिम ले लिए। जब वादी ने बैनामा कराने की बात कही तो आरोपित टालमटोल करने लगे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने षड्यंत्र पूर्वक किसी अन्य महिला को मालती देवी बताकर उसका फर्जी आधार कार्ड तैयार कराया। कोतवाली नगर थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# गुटखा-तंबाकू की कालाबाजारी जारी

**मनमानी**

- नये मूल्य का माल आने से पहले व्यापारियों ने कर लिया करोड़ों का माल डंप
- प्रिंट मूल्य से अधिक वसूली पर छोटे व्यापारियों में रोष

करनैलगंज, गोंडा

### तीन माह पहले जीएसटी बढ़ाने की घोषणा से करोड़ों का माल हुआ था डंप

एक फरवरी से सभी तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत टैक्स को लागू कर दिया गया। हालांकि केंद्र सरकार ने तीन माह पहले ही जीएसटी बढ़ाने का ऐलान कर चुकी थी। बड़े एवं थोक व्यापारियों ने माल पुराने दर पर खरीद कर डंप कर लिया था। जैसे ही एक तारीख से मूल्य की बढ़ोतरी की गई, व्यापारियों ने मुनाफा खोरी शुरू कर दी। जबकि नए प्रिंट रेट अभी तक बाजार में नहीं आए। पान की गुमटी रखकर रोजगार कर रहे छोटे व्यापारियों से आए दिन ग्राहको की झंझट होती है।

**अमृत विचार :** जिले भर में विभिन्न नामों से बिकने वाले गुटखा, तंबाकू और सिगरेट की पैकिंग पर छपी कीमत से अधिक दर पर बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है।

थोक विक्रेताओं की मनमानी से छोटे व्यापारियों का मुनाफा लगभग समाप्त हो गया है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। छोटे व्यापारियों का कहना है कि फुटकर खरीदारी करने वाले ग्राहक प्रिंट मूल्य से अधिक कीमत देने को तैयार नहीं होते, जबकि थोक व्यापारी उन्हें बढ़ी हुई दर पर माल दे रहे हैं। ऐसे में फुटकर व्यापारियों का लाभांश खत्म हो रहा है और उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है।

छोटे दुकानदारों ने बताया कि जो पान मसाला पहले 150 रुपये प्रति पैकेट मिलता था, वह अब 200 रुपये में दिया जा रहा है। 75 रुपये वाला पैकेट 110 रुपये में, 550 रुपये वाला पान मसाला 700 रुपये में तथा 45 रुपये की सिगरेट 65 से 70 रुपये में थोक विक्रेताओं द्वारा बेची जा रही है। व्यापारियों का आरोप है कि सरकार द्वारा पान मसाला, गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर टैक्स बढ़ाए जाने के बाद नए प्रिंट मूल्य वाली सामग्री अभी बाजार में उपलब्ध नहीं हुई है, लेकिन उससे पहले ही कुछ थोक व्यापारी कालाबाजारी में जुट गए हैं। उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने कहा कि यदि किसी भी सामग्री की बिक्री प्रिंट मूल्य से अधिक पर की जा रही है तो इसकी गोपनीय जांच कराकर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने कहा कि कालाबाजारी की स्थिति में उपभोक्ता सीधे पुलिस से शिकायत करें, दोषी व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पहल** आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नौनिहालों के लिए रोचक बनने जा रही पढ़ाई

# एलईडी स्क्रीन पर अक्षर ज्ञान, बदली शिक्षा की तस्वीर

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नौनिहालों के लिए शिक्षा अब और रोचक व प्रभावी बनने जा रही है। प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत आधार देने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी टीवी के माध्यम से पढ़ाई कराने की पहल शुरू कर दी गई है। पहले चरण में जिले के 193 चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों पर एलईडी टीवी लगाए जा रहे हैं।

इन केंद्रों पर बच्चों को शैक्षिक वीडियो, कविताएं, कहानियां, अक्षर ज्ञान, गिनती, रंगों व आकृतियों की पहचान डिजिटल माध्यम से कराई जा रही है। इसके साथ ही स्वच्छता, पोषण, हाथ धोने की सही विधि, पर्यावरण संरक्षण और 'गुड टच-बैड टच' जैसे विषयों पर भी जागरूकता आधारित सामग्री दिखाई जा रही है। इससे बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई के साथ सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सीख रहे हैं। जिले में 3095 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें करीब 2.58 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। कार्यकत्रियों का कहना है कि एलईडी टीवी के माध्यम से पढ़ाई कराने से बच्चों का ध्यान लंबे समय तक बना रहता है। दृश्य-श्रव्य माध्यम से पढ़ाई होने पर बच्चों की रुचि बढ़ रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस योजना को चरणबद्ध तरीके से सभी केंद्रों तक विस्तारित किया जाएगा। इसके लिए बजट की व्यवस्था की जा रही है। मुजेहना के डेबरी कला, बेलसर के पकवान गांव, तरबगंज के करनपुर, पड़री कृपाल के कपीसा, झंझरी के फिरोजपुर प्रथम, छपिया के खजूरी द्वितीय, नवाबगंज के परसापुर और परसपुर के डेहरास सहित 193 केंद्रों पर एलईडी टीवी स्थापित किए जा रहे हैं।



हलधरमऊ ब्लाक में बना आंगनबाड़ी केंद्र सुमेरपुर। ● अमृत विचार

### 185 केंद्रों पर लग चुके हैं एलईडी टीवी

प्रथम चरण में 193 आंगनबाड़ी केंद्रों पर एलईडी टीवी लगाए जा रहे हैं। अब तक 185 केंद्रों पर एलइडी टीवी लग चुकी है। कुछ एक केंद्रों पर पर संचालन शुरू हो गया है। कई केंद्रों पर बिजली न होने के चलते संचालित नहीं किया जा सका। इसके साथ ही अभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कराया जाना भी शेष है। जल्द ही प्रक्रिया पूरा कर इस सुविधा को संचालित कराया जाएगा।

**- संजय कुमार,** जिला कार्यक्रम अधिकारी



गोष्ठी में उपस्थित भाजपा के बजट सत्र प्रमुख अनुपम मिश्र व विधायक। ● अमृत विचार

### केंद्र व यूपी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाला बजट

**गोंडा, अमृत विचार :** जिस देश का बुनियादी ढांचा और छोटे-बड़े उद्योग-धंधे आत्मनिर्भर होते हैं, वह देश मजबूती के साथ स्थाई रूप से स्वावलंबी और विकसित होता है। उक्त बातें कटरा विधानसभा के गौरव सिंह मेमोरियल महिला डिग्री कॉलेज में बजट चौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष और बजट सत्र अभियान प्रमुख अनुपम प्रकाश मिश्रा ने कहीं। उन्होंने कहा कि बजट में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर, युवा, उद्यमी और महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने के लिए इस बजट में प्रावधान किया गया है। चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कटरा बाजार के विधायक बावन सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि हमारी सरकार ने गरीबों की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए जीवन रक्षक 36 प्रकार की दवाओं का मूल्य कम किया है। कृषि उपकरण, हर जिले में महिला हॉस्टल ऐसे कुछ ऐतिहासिक कार्य के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया गया है। संचालन हरि शुक्ला ने किया, जबकि अध्यक्षता निवर्तमान मंडल अध्यक्ष बेचू लाल ने की। इस मौके पर विशेष रूप से बजट अभियान के जिला सहसंयोजक राम तीरथ वर्मा, मंडल अध्यक्ष कप्तान मौर्य, अनंतराम वर्मा, रमाकांत शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम जी शुक्ल समेत तमाम लोग शामिल हुए।

### योगी के चित्र पर किया जलाभिषेक


सीएम योगी के चित्र पर जलाभिषेक करते छात्र पंचायत के सदस्य।

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के अवसर पर जर्जर विसुही पुल के नवनिर्माण के लिए राष्ट्रीय छात्र पंचायत अध्यक्ष शिवम पांडे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जलाभिषेक किया गया। राष्ट्रीय छात्र पंचायत अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि उनके व उनकी टीम के द्वारा बिसुही पुल के तट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्र पर मंत्रों उच्चारण के साथ-साथ उन्हें जलाभिषेक किया गया व एक दिन का उपवास भी रखा गया। उन्होंने बताया कि धर्म के अनुसार महाशिवरात्रि के अवसर पर यदि व्रत रखकर जिस भी कार्य के लिए ईश्वर का जलाभिषेक किया जाता है। ईश्वर उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं तो इस पुल के निर्माण के लिए उन्होंने योगी आदित्यनाथ को भगवान स्वरूप मानकर उनका जलाभिषेक किया है।

### ऋषि बोध दिवस पर हवन-पूजन का आयोजन


पूर्णाहुति डालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** स्वामी दयानन्द सरस्वती के ऋषि बोध दिवस पर रविवार को दयानन्द बाल मन्दिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में हवन एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचारों की सार्थकता पर एक विचार गोष्ठी हुई। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सदस्यों ने धर्म एवं वेद के प्रचार-प्रसार के लिए संकल्प लिया। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही स्वामी दयानन्द सरस्वती को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। तभी से प्रतिवर्ष इस दिन को ऋषि बोध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक शिवनन्दन वैश्य, अर्चना सक्सेना, कमल किशोर कसेरा, विष्णु प्रताप वर्मा, राम कुमार, सचिन बाजपेई, शशिकांत सिंह, बेनी माधव वर्मा, सतेन्द्र भट्ट, प्रेमांशु, सुधा मौर्या, सुमन गुप्ता, कीर्ति सोनी, सोमा शुक्ला, ज्योति पुरवार, प्रीति सोनी, दुर्गा कश्यप, सुप्रिया मिश्रा, दीपा, अनामिका, रश्मीत सीमा, सन्देश श्रीवास्तव सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उद्योगों को बढ़ावा देने को केंद्रीय मंत्री से मिले उद्यमी

**गोण्डा, अमृत विचार :** जिले में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से जिले के उद्यमी कुलदीप मिश्रा ने नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से शिष्टाचार भेंट कर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान जनपद में खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों की स्थापना, स्थानीय उत्पादों के ब्रांडिंग एवं विपणन तथा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के विषय पर विचार-विमर्श हुआ। उद्यमी कुलदीप मिश्रा ने मंत्री को अवगत कराया कि जनपद कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां धान, गेहूं, दलहन व तिलहन सहित विभिन्न फसलों का व्यापक उत्पादन होता है। यदि यहां खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हो जाए तो किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा और बड़ी संख्या में युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होगा। बताया गया कि केंद्रीय मंत्री ने जिले की संभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रस्ताव तैयार कराने और योजनाओं के अंतर्गत हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और पात्र उद्यमियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इस पहल से जिले में औद्योगिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने व रोजगार के नए मौके सृजित होने की आस जताई जा रही है।

### एंटी रोमियो स्क्वॉड ने महिलाओं को किया जागरूक

**गोंडा, अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5 .0 के तहत जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। एंटी रोमियो स्क्वॉड टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद किया। अभियान के दौरान महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा के उपाय, साइबर अपराध से बचाव तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। मिशन शक्ति से जुड़ी महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आवागमन के दौरान होने वाली दिक्कतों पर चर्चा की।टीमों ने फीडबैक फॉर्म भरवाकर संवेदनशील एवं हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिह्नित किया। वहीं सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त मनचलों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई। इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 102 स्वास्थ्य सेवा शामिल हैं।पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है।

### सफाई व्यवस्था बदहाल, ग्रामीणों में रोष

**गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड पंडरी कृपाल के सुभागपुर गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था ध्वस्त होने से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। गांव की सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ग्राम पंचायत व संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक सफाई अभियान नहीं चलाया गया। लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने समस्या का जल्द समाधान न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नकहा के मजरा लोनियन पुरवा गांव में शनिवार को विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। रविवार को मृतका सरस्वती की मां कौशल्या देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने दी तहरीर में कहा है कि अपनी बेटी की शादी शिवम पुत्र रक्षा राम के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी। अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराली जन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। उन्होंने बताया कि शनिवार को किसी अज्ञात व्यक्ति से जानकारी मिली कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पति शिवम, ससुर रक्षाराम सहित सास निवासी नकहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आवास विकास कॉलोनी में घंटों गुल रही बिजली

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर की आवास विकास कॉलोनी में रविवार को कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक बिजली कटने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ीं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आपूर्ति बाधित कर दी गई, जिससे पानी की टंकियां नहीं भर सकीं और दैनिक कार्य प्रभावित हुए। कई लोगों ने बिजली विभाग के कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई, देर शाम आपूर्ति बहाल हो सकी। निवासियों ने नियमित और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

न्यूज ब्रीफ

### आज आयोजित होगा श्री खाटू श्याम महोत्सव

**करनैलगंज, अमृत विचार** : नगर में सोमवार को श्री खाटू श्याम महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमें सुबह 9 बजे निशान शोभायात्रा सकरौरा शिवाला मंदिर से निकल कर नगर में भ्रमण करेगी। शोभायात्रा के साथ डांडिया उत्सव मुख्य आकर्षण होगा। इसी के साथ अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग, इत्र वर्षा, फूलों की होली तथा शाम को भव्य संकीर्तन जागरण व भंडारे का आयोजन होगा।

### तैयारी पूरी, 18 से होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

**रुपईडीह, अमृत विचार** : श्रीमती राम कुमारी इंटर कॉलेज आर्य नगर में 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाको शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक श्रवण कुमार शुक्ल ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र पर विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों को मिलाकर हाई स्कूल के 327 व इंटरमीडिएट के 367 छात्र-छात्राओं को मिलाकर कुल 694 छात्र छात्राएँ परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं को निर्धारित समय से संपन्न कराए जाने के लिए विभाग द्वारा प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाओं को उपलब्ध कर दिया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कटरा बाजार, अमृत विचार** : रविवार को कटरा बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाला अजमेर अली (35) निवासी मिश्रनपुरवा छिटनापुर को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर राय व उपनिरीक्षक अजय सिंह की टीम ने रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### शोभायात्रा संग श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार** : हलधरमऊ के रामखाड़ा मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ। मंदिर से चौरी चौराहा होते हुए सरयू घाट तक निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और जय श्री राम के जयघोष लगाए। चौरी चौराहा पर कटरा बाजार विधायक बावन सिंह ने भी सहभागिता कर आयोजन की सराहना की। कथा वाचन हरि शंकर तिवारी द्वारा किया जा रहा है। समापन पर 22 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन अशोक कुमार गुप्ता उर्फ पट्टे गुप्ता, सुनील तिवारी व पुजारी झुराई यादव के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है।

### मेगा कैंप में तैनात रहेगी अधिकार मित्रों की टीम

**गोंडा, अमृत विचार** : आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा कैंप में लाभार्थियों की सहूलियत के लिए अधिकार मित्रों की टीम तैनात रहेगी। सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने बताया कि मेगा कैंप वेंकटाचार्य क्लब के मैदान में आयोजित होगा। जिसमें लगभग दो हजार लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण के 40 से ज्यादा अधिकार मित्रों को तैनात किया गया है। सभी को ब्रीफ करने के लिए अगले सप्ताह एक बैठक भी बुलाई जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का महासागर

## भोर से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ने लगी थी भीड़, कतारों में लगे भक्तों ने हर-हर महादेव का उद्घोष कर गुंजायमान कर दिया वातावरण

छाया उल्लास

**बलरामपुर/पचपेड़वा/उतरौला**

**अमृत विचार** : महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को जनपद भर के शिव मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के बीच भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और भस्म अर्पित कर रुद्राभिषेक व विधिवत पूजा-अर्चना की। शिवालयों में दिनभर भक्तिभाव का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

नगर क्षेत्र स्थित झारखंडी महादेव मंदिर में तड़के चार बजे से ही दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। सजे-धजे मंदिर परिसर में लंबी कतारों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्तों ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। तुलसीपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ स्थित शिवालय में भी लोगों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए जलाभिषेक किया। उतरौला में दुःखहरन नाथ मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक और पूजन अनुष्ठान आयोजित किए गए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा और गंगाजल अर्पित कर भोलेनाथ का अभिषेक किया। वहीं क्षेत्र के राजापुर भरिया शिव मंदिर में भी दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। पचपेड़वा क्षेत्र का प्रसिद्ध शिवगढ़ धाम शिवभक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। मंदिर मार्गों पर स्वच्छता, प्रकाश और बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था रही। इसी तरह हरैया सतघरवा, मथुरा बाजार महाराजगंज तराई स्थित शिवालियों में भी महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। संवेदनशील मंदिरों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और स्वयंसेवकों के माध्यम से भीड़ नियंत्रण किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने दिनभर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


महाशिवरात्रि पर शिवगढ़ धाम पचपेड़वा में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


जलाभिषेक के लिए शिवगढ़ धाम में लगी श्रद्धालुओं की कतार। ● अमृत विचार

## महाशिवरात्रि पर नगर में निकाली गयी ऐतिहासिक शिव बारात, आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां

**बलरामपुर अमृत विचार** : महाशिवरात्रि पर रविवार को नगर में भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात निकाली गई। शिव नाट्यकला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 57वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत शिव बारात निर्धारित समय पर रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः रामलीला मैदान पहुंचकर विधि-विधान से शिव विवाह के साथ संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह, सभासद राघवेंद्र कांत सिंह मंटू तथा समिति अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव सहित पदाधिकारियों ने भगवान शिव की आरती उतारकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद शिव बारात नगर भ्रमण को निकली। रथों पर सवार भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती एवं अन्य देवी-देवताओं की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से बारह ज्योतिर्लिंग, नंदी की भव्य झांकी, मां दुर्गा महिषासुर मर्दन, राम दरबार, श्रवण कुमार तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। समिति अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में व्यवस्थाएं सुचारु रहीं। महामंत्री डॉ. तुलसीश दुबे ने बताया कि यह शोभायात्रा आस्था का प्रतीक है। सुरक्षा के लिए गठित वॉकी-टॉकी टीम ने विशेष भूमिका निभाई। शोभायात्रा रामलीला मैदान से मेजर चौराहा, अंबेडकर तिराहा, वीर विनय चौराहा होते हुए झारखंडी महादेव मंदिर पहुंची और दर्शन के उपरांत सराय फाटक, सब्जी मंडी, चौक, गर्ल्स कॉलेज, देवी दयाल तिराहा, बड़े पुल व मेन चौक से होकर पुनः रामलीला मैदान लौटी। अक्षत शुक्ला ने शिव की भूमिका में प्रभावशाली अभिनय किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने मंचीय समन्वय संभाला, जबकि सुनील कसेरा व अम्बरीष शुक्ला ने मार्ग व्यवस्था देखी। अम्बरीष शुक्ला, जय प्रकाश, पप्पू गुप्ता, अभय कसेरा, भानु प्रकाश, निशांत चौहान, वेद प्रकाश कारुष, अमित त्रिपाठी व ओम मोदनवाल सहित कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजन भव्य व सफल रहा। नगरवासियों ने आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।


नगर में निकली शिव बारात का स्वागत करते अतिथि। ● अमृत विचार

## मां पाटेश्वरी देवी इंजीनियरिंग कॉलेज का प्रदेश में 7वां स्थान


राजकीय इंजीनियरिंग कालेज

● **एसआईआरएफ रैंकिंग में कालेज को मिले 184 अंक**

**गोंडा, अमृत विचारः** मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कालेज को स्टेट इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क(एसआईआरएफ) में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। संस्थान ने प्रदेश के राजकीय इंजीनियरिंग संस्थानों में 7वां स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग प्राविधिक शिक्षा विभाग की तरफ से जारी की गयी है।

प्राविधिक शिक्षा विभाग की तरफ से कराए गए मूल्यांकन में कालेज को 184 अंक मिले हैं। इस अंक के आधार पर कालेज को प्रदेश में 7वीं रैंक मिली है। संस्थान प्रशासन ने इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है। संस्थान ने इस उपलब्धि के लिए निदेशक प्रो. भरतेंदु नाथ मिश्रा, समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं सभी हितधारकों के प्रति आभार जताया है। अधिष्ठाता शैक्षणिक मारुत नंदन त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्थान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा।

## मंडी में अतिक्रमण से लगा भीषण जाम

**करनैलगंज, अमृत विचार** : सब्जी, फल व गल्ला मंडी में अतिक्रमण के चलते शनिवार को भीषण जाम लग गया। दो घंटे से अधिक समय तक मंडी में वाहन फंसे रहे। मंडी के अंदर और बाहर सड़कों पर लग रही सब्जी व फल की दुकानों के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। शनिवार को सहालग अधिक होने से मंडी में भीड़ बढ़ गई। वाहनों के साथ बैट्री रिक्शा, कार और अन्य छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही से मंडी परिसर और बाहरी मार्ग दोनों ओर जाम लग गया। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मंडी में जाम की सूचना मंडी प्रशासन की ओर से नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में सुरक्षा कर्मी तैनात रहते हैं और प्राथमिक जिम्मेदारी उनकी होती है।

## दुर्घटना में युवक की मौत चचेरे भाई की हालत गंभीर

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचारः** तरबगंज थाना क्षेत्र में रविवार शाम सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा धौरहराघाट स्थित इंडियन बैंक के सामने तरबगंज-नबाबगंज हाईवे पर करीब शाम 6:45 बजे हुआ।

दुर्जनपुर घाट बाजार से बाइक से घर लौट रहे दो युवक जैसे ही धौरहराघाट के पास पहुंचे, तरबगंज की ओर से आ रही पिकअप से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में अभिषेक दूबे (18), पुत्र विजय बहादुर, निवासी गौहानी के हरदिहन पुरवा की मौत हो गई। घायल नवीन का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक दुर्जनपुर बाजार से कपड़ा प्रेस कराकर घर वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### देवीपाटन में चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियां तेज


चैत्र नवरात्र मेले की तैयारी बैठक में मौजूद महंत और अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार** : चैत्र नवरात्र पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारियों को लेकर देवीपाटन मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। इसमें महंत मिथिलेश नाथ योगी, डीएम विपिन कुमार जैन और एसपी विकास कुमार ने व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित विभागों को निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। मेले के दौरान मंदिर परिसर को दो जोन और 12 सेक्टर में विभाजित कर पुलिस बल, महिला पीएसी, होमगार्ड और सादे कपड़ों में कर्मियों की तैनाती की जाएगी। 19 मार्च से एक माह तक मेला क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, स्टैंडबाय ट्रांसफार्मर रखने और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। पेयजल के लिए टैंकर, वाटर एटीएम और हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्थायी चिकित्सा केंद्र स्थापित कर तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई जाएगी।

### सीमावर्ती युवाओं के सपनों को मिली उड़ान


युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती का प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**जरवा, बलरामपुर अमृत विचार** : सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए तैयार करने की दिशा में एसएसबी की नौवीं वाहिनी द्वारा आयोजित दो सप्ताह के भर्ती पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम सीमा चौकी खबरीनाका अंतर्गत सोनगढ़ा क्षेत्र के लगभग 200 युवाओं के लिए आयोजित किया गया था। समापन समारोह स्थानीय क्रिकेट ग्राउंड भगवानपुर में आयोजित किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी (कार्यवाहक कमांडेंट) कुमुद रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं में अपार क्षमता है और सही मार्गदर्शन व अनुशासन के माध्यम से उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए तैयार किया जा सकता है। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट सुजीत कुमार, पंचायत प्रधान श्मशेर खान, ग्राम प्रधान जनकपुर शागिर अहमद, उपजिला न्यायालय तुलसीपुर से सिंहनाथ कनौजिया तथा प्रेरणा फाउंडेशन श्रावस्ती के संयोजक संजय श्रीवास्तव विशेष रूप से मौजूद रहे। संचालन प्रेरणा फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

## आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1516 मरीजों को मिला उपचार

**बलरामपुर, अमृत विचार** : रविवार को जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 1516 मरीजों ने उपचार व परामर्श का लाभ लिया। लाभार्थियों में 721 पुरुष, 693 महिलाएं और 102 बच्चे शामिल रहे।

स्वास्थ्य मेलों में सामान्य रोगों की जांच के साथ बीपी व शुगर परीक्षण, टीबी, कुष्ठ, नेत्र व दंत रोगों की जांच की गई। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, टीकाकरण, तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को जोड़ने का कार्य भी किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार में आयोजित स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मरीजों से संवाद किया और चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## स्पर्धा में जरवा के नौनिहालों का जलवा

**जरवा बलरामपुर अमृत विचार** : मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में शिक्षा क्षेत्र गैंसड़ी के थारू बाहुल्य मुतेहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर जरवा क्षेत्र का नाम रोशन किया। गोंडा के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में मुतेहरा सोनगढ़ा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन 12 फरवरी को एडी बेसिक द्वारा किया गया था। खंड शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह राणा ने कहा कि गैंसड़ी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के थारू बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। अध्यापक अनुज गिरी व शिवम त्रिपाठी ने बताया कि जूनियर संवर्ग की बालक वर्ग बॉलीबॉल प्रतियोगिता में कप्तान नितेश, उप कप्तान रविंद्र, लवकुश, जीतू, अनस्वामी और संतोष की टीम ने 25-10 के अंतर से बहराइच को हराया। वहीं बालिका वर्ग में कप्तान मधु कुमारी, उप कप्तान हर्षिता, सरस्वती, अंकिता, मेनका व बबीता की टीम ने 25-12 से गोंडा को शिकस्त दी। ऊंची कूद में संतोष ने प्रथम स्थान, शतरंज में दुर्गा नंदनी ने द्वितीय, बालक वर्ग में अनस्वामी ने द्वितीय तथा प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में सरस्वती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एआरपी प्रदीप कुमार सहित शिक्षकों ने बच्चों को आगे भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजयी टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

लापरवाही | स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत लाखों रुपये खर्च कर किया गया था निर्माण

# निर्माण के बाद से ही बंद पड़े हैं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

**आशीष त्रिपाठी, नवाबगंज, गोंडा**

**अमृत विचार** : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए लाखों रुपये खर्च कर अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (कूड़ाघर) बनाए गए। लेकिन विकास खंड के अधिकांश गांवों में ये केंद्र निर्माण के बाद से ही बंद पड़े हैं। हाल यह है कि ओडीएफ और ओडीएफ प्लस घोषित गांवों में भी कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था धरातल पर नजर नहीं आ रही।

ग्राम लौव्वाबीरपुर के नरकटवा में लगभग पांच लाख रुपये की लागत से बना अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र आज भी सूना पड़ा है। परिसर में एक बार भी नियमित रूप से कूड़ा नहीं पहुंचाया गया। वहीं कल्यानपुर गांव में बना केंद्र ईंट और पत्थरों से भरा पड़ा है, जिससे साफ है कि उसका उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए नहीं हो रहा। रघुनाथपुर, सिरसा, शोभापुर और नरायनपुर गांवों में बने केंद्र भी संचालन की राह देख रहे हैं। चौबेपुर गांव में तो अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का टिन शेड तक चोरी हो चुका है, जिससे निगरानी और देखरेख की पोल खुलती है। बताया जाता है कि इन केंद्रों के निर्माण पर 1.50 लाख से 3 लाख रुपये तक की लागत आई, लेकिन आज तक उनका समुचित संचालन सुनिश्चित नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव-घर से कूड़ा संग्रहण के लिए पंचायतों को जो वाहन उपलब्ध कराए गए, वे नियमित कचरा उठाने के बजाय अन्य निजी कार्यों में लगाए जा रहे हैं। इससे स्वच्छता अभियान की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं और गांवों में खुले में कूड़ा फेंकने की प्रवृत्ति जारी है। इस संबंध में एडीओ पंचायत नंद कुमार ने बताया कि हाल ही में सभी ग्राम सचिवों को अपने-अपने गांवों में स्थापित कूड़ाघरों का संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि वर्षों से बंद पड़े केंद्रों को लेकर स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही इन अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों को सक्रिय नहीं किया गया, तो लाखों रुपये की लागत व्यर्थ चली जाएगी और स्वच्छता अभियान केवल कागजों में सिमटकर रह जाएगा।



निष्प्रयोज्य कूड़ा प्रबंधन केंद्र। ● अमृत विचार


वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

### बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना जरूरी

**बलरामपुर अमृत विचार** : श्री राम इंटर कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। प्रथम दिवस क्रीड़ा प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोंडा विभाग के विभाग प्रचारक प्रवीण ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना समय की आवश्यकता है। पाश्चात्य संस्कृति के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा और राष्ट्र के प्रति प्रेमभाव जागृत करना आवश्यक है। कार्यक्रम में विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने तराई क्षेत्र में शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर श्याम मनोहर तिवारी, प्रोफेसर जे.पी. पांडेय, पंकज मिश्र, भानु तिवारी, प्रोफेसर विशाल मिश्र सहित अन्य अतिथियों ने भी विचार रखे। समापन अवसर पर विद्यालय के संस्थापक नीलमणि शुक्ल ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, प्रधानाचार्यों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ज्योति कलश यात्रा से जगी सांस्कृतिक चेतना


ज्योति कलश यात्रा में शामिल गायत्री परिवार के लोग। ● अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार** : शांतिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति कलश यात्रा का रथ पचपेड़वा क्षेत्र के थारू जनजाति बाहुल्य गांवों में पहुंचा। यात्रा का प्रमुख पड़ाव एकलव्य विद्या निकेतन विशुनपुर विश्राम रहा, जहां छात्र-छात्राओं में सांस्कृतिक चेतना का संचार किया गया। इससे पूर्व हर्रैया चंद्रसी, रामनगर, बिशुनपुर टनटनवा और जनजाति बहुल गांव फ़ोनगही में घर-घर गायत्री पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। द्वितीय दिवस के अंतिम आयोजन में यात्रा बैरिहवा गांव पहुंची, जहां गायत्री परिवार पचपेड़वा के अंगद प्रजापति, बालेश्वर चौरसिया, संजय जायसवाल, कृष्ण कुमार पांडे, सहायक अध्यापक राजनाथ, ठाकुर प्रसाद, जिला समन्वयक सीताराम वर्मा, तुलसीपुर से जीवन गुप्ता, स्थानीय परिजन जगदीश चौधरी व ग्राम प्रधान बृजलाल चौधरी ने कलश का स्वागत किया। शांतिकुंज प्रतिनिधि आद समर बहादुर सिंह ने चिलम, कुम्हार और सुराही के माध्यम से विचार परिवर्तन का संदेश दिया। भावविभोर भजनों के बीच "महिमा बा तोहरी अपार" गायन से दीपयज्ञ का शुभारंभ हुआ।

# शिवमय हुआ पयागपुर, बाबा बागेश्वर नाथ में गूंजा हर-हर महादेव

**महाशिवरात्रि**

पयागपुर बहराइच

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को समूचा पयागपुर क्षेत्र शिवमय हो गया। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि भोर से ही श्रद्धालुओं की कतारें सड़कों पर नजर आने लगीं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के बीच लाखों भक्तों ने महादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर के कपाट खुलते ही तड़के 2:30 बजे से जलाभिषेक प्रारंभ हो गया। हुजूरपुर-पयागपुर मार्ग पर स्थित इस प्राचीन शिवालय में पुरुष और महिला श्रद्धालुओं की अलग-अलग कतारें कई किलोमीटर तक फैली रहीं। शिवलिंग पर बिल्वपत्र, धतूरा, दूध और जल अर्पित कर भक्तों ने मन्नतें मांगीं। दर्शन-पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पयागपुर पुलिस चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद दिखी। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने भीड़ को नियंत्रित किया।

क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल रहा इनमें दुःख हरण नाथ मंदिर और भूपगंज स्थित पंचायती मंदिर में भारी संख्या में भक्तों ने माथा टेका। वहीं स्टेशन रोड स्थित मौनी बाबा मंदिर, अमदापुर के सोमनाथ मंदिर और सोहरियावां के झारखंडी मंदिर सहित अन्य छोटे-बड़े शिवालयों में भी रुद्राभिषेक और पूजन के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।


भोलेनाथ को जल और पुष्प अर्पित करते श्रद्धालु। अमृत विचार


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार


अधिकारियों से जानकारी लेतीं एसडीएम मोनालिसा जौहरी। अमृत विचार

**सोमेश्वर महादेव के भंडारे में उमड़े भक्त: जरवल रोड:** जरवल रोड के तूफानी चौराहा स्थित सोमेश्वर महादेव, दुर्गा एवं काली मंदिर में दोपहर से ही भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक शालिक राम सोनी द्वारा भगवान शंकर एवं हनुमान जी के चित्र पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया।

भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जरवल रोड के व्यवसायी शालिकराम सोनी, संतोष सोनी, शिवनारायण सोनी, आकाश सोनी, राजन सोनी, चंदन सोनी, राहुल सोनी सहित सोनी परिवार के सदस्यों ने भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर सलिल गुप्ता, विनोद शुक्ला, प्रिंस तिवारी, दीपचंद गुप्ता, डब्बू शुक्ला, रामू शुक्ला, भोला गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**एसडीएम ने किया शिव मंदिरों का निरीक्षण : नानपारा:** महाशिवरात्रि पर तहसील नानपारा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तहसील प्रशासन मुस्तैद रहा।

उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं विभिन्न शिव मंदिरों एवं संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस व राजस्व टीमों को भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था पर जोर दिया।


पयागपुर स्थित बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार


सुरक्षा को लेकर तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार


सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते एसपी रामनयन सिंह।

**शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब: श्रावस्ती, अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर तड़के ही शिवमंदिरों की ओर भक्तों का रेला निकल पड़ा। बोल बम.. बोल बम, हर हर महादेव के नारों के साथ चारो ओर माहौल भक्तिमय रहा। विभूतिनाथ मंदिर समेत सभी शिवालयों में दिन भर भक्तों ने दूध, दही, शहद से रुद्राभिषेक व जलाभिषेक किया। सिरसिया थाना क्षेत्र के पूर्वी सोहेलवा जंगल में स्थित पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर में सुबह चार बजे कपाट खुलने पर मंहथ शिवनाथ गिरि ने ने भगवान भोले नाथ का फूलों से श्रृंगार किया व रूद्राभिषेक किया। रूद्राभिषेक के बाद श्रद्धालुओं की ओर से जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ। स्नान कर जंगल में स्थित शिव व पार्वती कुण्ड से जलभरकर महादेव की भक्ति में लीन श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए मंदिर पहुंचे और कतार में लग गए। इसके बाद अपनी बारी आने पर शिवभक्तों ने दूध, दही, बेलपत्र, शहद, भांग, धतूर आदि से से भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

भगवान भोलेनाथ व मां गौरा के दाम्पत्य जीवन से जुड़े महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में नवविवाहित बड़ी संख्या में पूजन-अर्चन को पहुंचे थे। फूल-अक्षत, सिंदूर, धतूर, बेलपत्ती, भांग, बेर समेत अन्य सामग्रियां भोलेनाथ को अर्पित की गई। विधि-विधान से महादेव की पूजा कर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही इसी क्षेत्र के चिल्हरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर, सिरसिया के बाबा नागेश्वर नाथ शिव मंदिर समेत जमुनहा, इकौना, गिलौला क्षेत्र के शिव मंदिरों में सुबह से शाम तक शिवभक्तों की ओर से जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहा।

**एसपी ने किया बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर में जलार्पण:** पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और महादेव का जलाभिषेक किया। दर्शन-पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने मंदिर प्रशासन और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारी दिन भर चक्रमण करते नजर आए।

# डीएम ने किया पेयजल परियोजना का निरीक्षण

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार:** शनिवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकासखंड तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बालासरांय पाइप पेयजल योजना, प्राथमिक विद्यालय मेलापुरवा व शुक्लनपुरवा तथा मेलापुरवा में निर्मित आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया। पाइप पेयजल परियोजना के निरीक्षण के दौरान जल निगम के सूरज वर्मा ने बताया कि योजना अन्तर्गत 651 परिवार के सापेक्ष 535 हाउस कनेक्शन कराए गए थे। योजना 2023 से बंद थी। वर्तमान समय में जिला प्रशासन के निर्देश पर योजना को चालू कराते हुए 250 कलेक्शन में पानी की सप्लाई की जा रही है। डीएम ने ग्राम का भ्रमण कर कनेक्शनों के माध्यम से जलापूर्ति का सत्यापन करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार पेयजल परियोजना का संचालन करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाय। अधिकारी ने मेलापुरवा के प्राथमिक विद्यालय व आरआरसी सेंटर तथा प्राथमिक विद्यालय शुक्लनपुरवा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गांव से निकलने वाले कूड़े को एकत्र न करें। बीडीओ को निर्देश दिया कि समस्त खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत एवं रिबोर कराएं।


निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। अमृत विचार

# भूपगंज बाजार में पाइप लाइन फटने से सड़कें हुईं लबालब

**पयागपुर, बहराइच:** भूपगंज बाजार के वार्ड तीन और 12 में जलजीवन मिशन की पाइपलाइन फटने से पानी सड़कों पर जमा हो गया है। वार्ड तीन के चिंटू माहेश्वरी ने बताया कि पाइपलाइन फटने की सूचना संबंधित विभाग को दी गई थी लेकिन अब तक किसी ने सुध नहीं ली। स्थानीय निवासी दानेंद्र शर्मा ने कहा विभाग की ओर से पिछले दो दिनों से केवल आश्वासन ही मिल रहा है। जेई द्वारा 'आज-कल' कहकर काम टाला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पाइपलाइन को समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो पानी के रिसाव के कारण नई बनी सड़क बहुत जल्द धंस जाएगी। लोगों ने उच्चाधिकारियों से पाइपलाइन को ठीक कराने की मांग की है। जलजीवन मिशन के जेई मिथिलेश सरोज ने बताया कि मामला प्रकाश में आया है। सोमवार तक सही करवा दिया जाएगा।


फटी पाइपलाइन से सड़कों पर भरा पानी।

## बाइकों की टक्कर में महिला समेत तीन घायल

**जमुनहा, श्रावस्ती, अमृत विचार :** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के नानकार गांव के पास दो बाइकों में आमने सामने की अक्कर हो गई। हादस में एक महिला समेत तीन लोग गंभीररूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। गिरंट थाना क्षेत्र के महोरवा गांव निवासी जाफर अली पुत्र अब्दुल अजीज शनिवार शाम को अपनी पत्नी रजिया बेगम (35) व बच्चे को लेकर बाइक से रिस्तेदारी से घर वापस लौट रहा था। वह नानकार गांव के पास पहुंचा था तभी सामने से आ रहे ददौरा गांव निवासी हरीश (28) पुत्र ननकऊ व मनीष (29) पुत्र रघु की बाइक से आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में महिला रजिया बेगम व दूसरी बाइक सवार मनीष व हरीश गंभीररूप से घायल हो गए। लोगों की ओर से हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस व एम्बुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं जाफर और उसके बच्चे को हल्की चोटें आईं हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अभद्रता का आरोप

**जमुनहा, श्रावस्ती, अमृत विचार :** जमुनहा विकास क्षेत्र के ग्राम बरगदहा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र सिंघना व डिलवा में नौ माह बाद शनिवार को नैफेड चना, दाल, तेल, दारिया का वितरण किया जा रहा था। के द्वारा राशन मिलने पर शनिवार को कार्यकत्री इस दौरान गांव की कई अपात्र महिलाएं व पुरुष बिना ई केवाईसी के राशन लेने केंद्र पहुंच गई। इस दौरान अपात्रों ने रिफाइंड की मांग की। तीन वर्ष से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए तेल न होने की बात पर अपात्रों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन देवी व सहायिका कृष्णवती को अपशब्द कहते हुए उन्हें गाली देते हुए जान से मराने की धमकी दी। इस दौरान वह अपना राशन फेंककर केंद्र से चली गई। ऐसे में कार्यकत्री की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। इस बारे में बाल विकास परियोजाधिकारी जमुनहा विवेक शाही ने बताया कि 3 वर्ष से 6 वर्ष तक किशोर व किशोरियो को तेल नही है। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यकत्री द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है।

## आशुतोष पाठक बने जिलाध्यक्ष

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की एक बैठक रविवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय पार्षद विपिन अग्रवाल ने किया। इसमें निर्विरोध रूप से आशुतोष पाठक को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन श्रावस्ती का जिलाध्यक्ष चुना गया। इसकी संस्तुति प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने बैठक में दूरभाष से संस्तुति कर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय पार्षद ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को 15 दिन के अंदर कार्यकारिणी गठन करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रमजीवी के बहराइच जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, अभिषेक शर्मा, जितेंद्र दीक्षित, यादव, सुशील कुमार शुक्ला, सत्यम तिवारी, राजेश कुमार, राजकुमार गुप्ता, एसपी सिंह, राजेश पाण्डेय, शिवकुमार पाठक, राजकुमार यादव व गुलफाम अहमद सहित यूनियन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## गड्ढे में बाइक गिरने से दो श्रद्धालु घायल

**सिरसिया, श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा निवासी रजत सिंह (19) पुत्र उदय राज व सचिन (18) पुत्र विजय राज रविवार सुबह बाइक से विभूतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने गए थे। दोनों जलाभिषेक करने के बाद वापस घर लौट रहे थे। सिरसिया तुलसीपुर मार्ग पहुंचते की मंदिर के मुख्य गेट के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। इससे दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से दोनों को सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया गया।

# कतर्नियाघाट में मिले तेंदुए के दो शावकों के शव

**हड़कंप**

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज में रविवार को एक ग्रामीण के खेत तेंदुए के दो शावकों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों के शरीर पर घाव के निशान थे। आपसी संघर्ष में मौत की आशंका जताई जा रही है।

मोतीपुर रेंज में स्थित ग्राम पंचायत अडगौडवा व मनगौढिया ग्राम के बीच आज खेतों में कुछ दूरी पर तेंदुए के दो शावकों का शव मिलने से हड़कंप मच लोगों ने इसकी सूचना मोतीपुर रेंज कार्यालय पर दी जिसके बाद रेंजर सुरेंद्र तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे दोनों शावकों के शरीर पर गहरे जख्म थे। वन विभाग की टीम ने दोनो शवों को रेंज कार्यालय लेकर पहुंची जहां पर वन विभाग के चिकित्सकों की ओर से उनका पोस्टमार्टम किया जायेगा। रेंजर सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि बड़े तेंदुए ने हमला कर दोनो शावकों को मार डाला है। इनकी उम्र करीब सात माह है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# बहू-बेटी सम्मेलन में किया जागरूक

**बहराइच, अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के विभिन्न स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को किया गया सशक्त किया गया। जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति, एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें कई जानकारी दी।

# डंपर ने कार को मारी टक्कर, 1 की मौत, 3 गंभीर

**रफ्तार की मार**

गिलौला, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** बौद्ध परिपथ स्थित गिलौला थाना क्षेत्र के तिलकपुर मोड़ स्थित बंजारनपुरवा के निकट मध्यरात टोचन कर रही कार को डंफर ने टक्कर मार दी। घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक को लखनऊ व दो को बहराइच रेफर किया गया है। गिलौला कस्बा निवासी दुर्गा प्रसाद गुप्ता उर्फ रवि (22) पुत्र जगदीश गुप्ता शनिवार को अपने दोस्त गिलौला निवासी आशीष (25) के साथ कार से बहराइच गया था। मध्यरात के करीब दोनों वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही दुर्गाप्रसाद कार लेकर गिलौला थाना क्षेत्र के तिलकपुर मोड़ के बंजारनपुरवा के निकट पहुंचा तभी कार खराब हो गई। फोन करने पर रवि का भाई सुनील (25) गिलौला निवासी अपने दोस्त ओमप्रकाश गुप्ता (28) की कार लेकर मौके पर पहुंचा। इस दौरान उसके साथ गिलौला निवासी आयुष सोनी (18) भी था। जैसे ही सभी कार को टोचन कर रहे थे। तभी बहराइच की ओर से आ रही तेज रफ्तार डंफर ने कार को टक्कर मार दिया। घटना में ओमप्रकाश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्गाप्रसाद, आशीष व आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में सुनील बाल बाल बचा। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी गिलौला लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दुर्गाप्रसाद को ट्रामा सेंटर लखनऊ व आशीष तथा आयुष को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। घटना के बाद चालक डंफर सहित भागने में सफल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।


दुर्गा प्रसाद। (फाइल फोटो)

# शिवेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कैसरगंज अंतर्गत बरखुरद्दारपुर स्थित प्राचीन शिवेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अनुपम दृश्य देखने को मिला। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के गगनभेदी जयघोषों से संपूर्ण क्षेत्र शिवमय हो उठा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और हजारों भक्तों ने विधि-विधानपूर्वक जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। आस्था के इस महापर्व का शुभारंभ हनुमान मंदिर से निकली भव्य पदयात्रा के साथ हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए शिवेश्वर धाम पहुंचे। मार्ग भर भक्तों के जयकारों और शिवभक्ति गीतों से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने प्रथम जलाभिषेक कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव वर्मा, शिव सहाय सिंह, हीरालाल मौर्य, अरुण सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, प्रफुल्ल राज सिंह, राजन सिंह, रितेश श्रीवास्तव तथा दीपांशू सोनी सहित अनेक गणमान्य जनों की सक्रिय उपस्थिति उल्लेखनीय रही।


कैसरगंज में निकाली गयी शिव बारात में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## मेरठ की टीम ने लखीमपुर को हराया

**बहराइच, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम देवी पाटन मंडल वुमेंस सीनियर स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान में पांचवे दिन का मैच खेला गया। शनिवार के दिन डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन लखीमपुर खीरी और मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर लखीमपुर खीरी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया बल्लेबाजी करने उतरी लखीमपुर खीरी ने निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट पर 76 रन बनाई जिसमें निकुंज ने सर्वाधिक 18 रनों का योगदान दिया। मेरठ की ओर से किंजल चौधरी ने 2 विकेट लिया वहीं जवाब में उतरी मेरठ की टीम ने 7 .5 ओवर में ही 1 विकेट खोकर 77 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मेरठ की ओर से रिया भाटी ने नाबाद 32 रनों का योगदान दिया।

# जर्जर हो रहा कम्युनिटी कॉम्प्लेक्स

**जिम्मेदार बेपरवाह**

सिरसिया, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** सिरसिया बाजार में पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2013-14 में एक कम्युनिटी कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य बाजार आने वाले लोगों को शौचालय एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। लाखों रुपये की लागत से बना यह कॉम्प्लेक्स आज जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। निर्माण के बाद से ही इसके गेट पर ताला लटका हुआ है, जो आज तक नहीं खुला।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार आने वाले लोगों को शौच के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जबकि सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है कि उक्त निर्माण कार्य ग्राम प्रधान सुधरा के कार्यकाल में कराया गया था, लेकिन रखरखाव के अभाव में यह भवन बदहाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई शिकायत की गयी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब राम बाबू श्रीवास्तव, विजय कुमार, अंकित पाण्डे, श्रवण वर्मा आदि ने जिला प्रशासन से कम्युनिटी कॉम्प्लेक्स को शीघ्र खुलवाने एवं नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।


सिरसिया में बना कम्युनिटी कॉम्प्लेक्स। अमृत विचार

